दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होगी .......



यामी का गुजराती लड़के से पक्का होगा रिश्ता

वर्ष : 11 | अंक : 35 | लखनऊ, 21 जनवरी, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# महाकुंभ में कई बाबा कर रहे भक्तों का ध्यान आकर्षित

## किसी के पास वैदिक ज्ञान तो कई आयुर्वेद से लुभा रहा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,कई वर्षों के बाद आए महाकुंभ मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन ही नहीं है। महाकुंभ मेला भारत की सनातनी परंपराओं का सबसे बड़ा संगम है। महाकुंभ मेले में सिर्फ आस्था लिए हुए श्रद्धालु ही नहीं आते हैं बल्कि संन्यासियों, नागा बाबा, संतों का जमावड़ा भी कुंभ मेले में लगता है। महाकुंभ के दौरान संगम के तट पर ऐसी दुनिया देखने को मिलती है जो वास्तव में हमने महसूस ना की हो। महाकुंभ में इस वर्ष कई बाबाओं ने शिरकत की है जो अपनी अनूठी जीवनशैली तो कोई अपनी तपस्या के कारण लोगों का ध्यान खींच रहा है।

### बांसुरी बाबा ने खींचा ध्यान

इस महाकुंभ में पंजाब के पटियाला से आए ईश्वर बाबा सबका ध्यान खींच रहे है। महाकुंभ में उनकी अनोखी कला के कारण लोग आकर्षित हुए है। उनकी कला इतनी अनोखी है कि वो एक साथ दो दो बांसुरी बजा सकते हैं, जबकि कई लोग एक बांसुरी बजाने में भी सफल नहीं हो पाते है। उनकी खासियत है कि वो नाक से भी बांसुरी बजाना जानते है। ईश्वर बाबा मूल रूप से जूना अखाड़े से जुड़े हुए है। उनकी प्रसिद्धि इतनी बढ़ चुकी है कि उन्हें लोग बांसुरी बाबा कहते है। उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए लंबी कतार में लोग लगे दिखते है।

### सनातन का कर रहे वर्षों से प्रचार

राजस्थान के हल्दीघाटी से आए शबदजाल भट्टारक बीते 56 वर्षों से सनातन धर्म के प्रचार में जुटे हुए है। मूल रूप से वो देश भर में घूमकर लोगों को एकजुट करते है। उनका मूल काम वैदिक संविधान लिखना है, जिसे वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपेंगे। उनका कहना है कि सिर्फ 48 साधक ही है दुनिया में जो उनकी तरह साधना में जुटे हुए है।

### मारुति बाबा चाय के साथ देते हैं आशीर्वाद

मध्यप्रदेश के भिंड से आए एक बाबा को मारुति बाबा कहकर लोग बुलाते है। उनका नाम मारुति कार के कारण ही मारुति पड़ा है, जिससे उन्होंने पूरे देश में भ्रमण किया है। वो अपने पास आने वाले भक्तों को आयुर्वेदिक चाय देते है, जो भक्तों के लिए प्रसाद का ही स्वरुप है। उनका दावा है कि इस चाय का सेवन करने से बीपी, शुगर जैसी बीमारियां ठीक होती है।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर महाकुंभ पहुंचे

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर महाकुंभ में शामिल होने के लिए रविवार दोपहर प्रयागराज पहुंचे। हवाई अड्डे पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने उनका स्वागत किया। सूचना विभाग के मुताबिक, हवाई अड्डे से खट्टर सीधे सर्किट हाउस पहुंचे और इसके बाद वह महाकुंभ मेले में संगम घाट पहुंचे जहां उन्होंने जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री ने काशिणी आश्रम आकर गुरु सरणानंद जी महाराज जी का भी आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान, खट्टर ने महाकुंभ मेले में आए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की। सोमवार को खट्टर के गंगा स्नान करने की संभावना है।

# संविधान बचाने की बात करने वालों ने ही इसकी मूल भावना बदल दी : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार




लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जो लोग आज संविधान बचाने की बात कर रहे हैं, उन्होंने ही संविधान की मूल भावना को बदल दिया था और उन्हें यहां महाकुंभ में आकर देखना चाहिए कि संविधान का वास्तविक सम्मान क्या होता है और कैसे होता है। महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान की तैयारियों की समीक्षा करने आये मुख्यमंत्री ने पुलिस गैलरी का अवलोकन करने के बाद सेक्टर-चार में त्रिवेणी मार्ग पर स्थित संविधान गैलरी का रुख किया जहां उन्होंने भारतीय संविधान पर आधारित पुस्तकों, ग्रंथों के पुस्तकालय समेत अन्य प्रमुख प्रदर्शनी को देखा।

मुख्यमंत्री ने कहा, संविधान हमारे लिए आदर्श है। पूरे देश का संचालन इसी से होता है। कोई भी समाज संविधान और इसकी विधियों के बिना नहीं चलता है। संविधान गैलरी जैसे प्रयासों से नयी पीढ़ी को इसके बारे में अवगत कराने में मदद मिलेगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ में इस गैलरी के जरिए यह प्रयास किया गया है कि मेले में आने वाले लोगों को संविधान के निर्माण, लागू होने और इसके अनुच्छेद के बारे में जानकारी हो। उन्होंने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, एक पार्टी ने लगातार 55 वर्षों तक निजी हितों के लिए संविधान में संशोधन किए। इन लोगों ने संविधान की मूल भावना को बदल दिया। जो लोग संविधान हाथ में लेकर शपथ लेने का नाटक करते हैं, उनके घर में ना तो संविधान की मूल प्रति होगी और ना ही उन्होंने कभी संविधान पढ़ा होगा।

संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी में चित्रों और प्रतिकृतियों के माध्यम से भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, दस्तावेजों और व्यक्तित्वों के योगदान के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है। यहां ऑडियो के माध्यम से संविधान सभा की परिचर्चा को भी प्रस्तुत किया जा रहा है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,526.14

निफटी 24,641.80

# मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार देने में उत्तर प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया : उप मुख्यमंत्री

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 100 दिन रोजगार देने में उत्तर प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया है। उत्तर प्रदेश सरकार में ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास विभाग संभाल रहे उप मुख्यमंत्री मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में अब तक 3,13,076 परिवारों को 100 दिन रोजगार दिया गया है।

इसी पोस्ट में उन्होंने कहा इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश 100 दिवस रोजगार देने में प्रथम स्थान पर है। मौर्य ने कहा, यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों को रोजगार के लिए अपना गांव छोड़कर नहीं जाना पड़ता है। इस बीच ग्राम विकास विभाग अकुशल कर्मियों को हुनरमंद बनाने के लिए प्रशिक्षित भी कर रहा है। ग्राम विकास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मनरेगा कामगार मात्र मजदूर बनकर न रह जाएं, इसलिए उन्हें अपने क्षेत्र में कुशल, हुनरमंद और काबिल बनाने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन में प्रदेश में मिशन उन्नति योजना के तहत प्रशिक्षित कराया जा रहा है।

# राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

## अमित शाह पर टिप्पणी को लेकर कार्यवाही पर लगी अंतरिम रोक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के खिलाफ अपने बयानों के लिए दायर मानहानि मामले में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रोक दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली राहुल गांधी द्वारा दायर एक विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा द्वारा राहुल के खिलाफ दायर मानहानि मामले को रद्द करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

राहुल गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ऐसे कई फैसले हैं जिनमें कहा गया है कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कर सकता है और प्रॉक्सी पार्टी द्वारा शिकायत दर्ज नहीं की जा सकती है। वहीं, मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस भेजा है। ये मामला तब सामने आया जब बीजेपी नेता नवीन झा ने गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि गांधी ने 18 मार्च 2018 को बीजेपी की आलोचना करते हुए भाषण दिया और शाह पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया. शुरू में रांची की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने झा की शिकायत को खारिज कर दिया, जिसके बाद उन्होंने रांची में न्यायिक आयुक्त के समक्ष एक पुनरीक्षण याचिका दायर की।

### संक्षिप्त समाचार

## केजरीवाल, सुनीता, आतिशी, मान दिल्ली चुनाव के लिए आप के स्टार प्रचारक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। आप के नेताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) के 40 स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा और हरभजन सिंह के साथ-साथ दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी शामिल हैं।

# रामदेव और बालकृष्ण के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, भ्रामक विज्ञापन चलाने का आरोप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, केरल की एक अदालत ने भ्रामक विज्ञापनों के मामले में योग चिकित्सक बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और दिव्य फामेर्सी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। पलक्कड़ में न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वितीय ने व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए समन जारी होने के बावजूद अदालत में उपस्थित होने में विफल रहने के बाद 16 जनवरी को वारंट जारी किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता अनुपस्थित है। सभी आरोपी अनुपस्थित हैं। सभी आरोपियों को जमानती वारंट दिया गया है। यह मामला पतंजलि आयुर्वेद की सहायक कंपनी दिव्य फामेर्सी द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसने कथित तौर पर ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन किया था। विज्ञापनों पर बीमारियों के इलाज के बारे में निराधार दावे करने और एलोपैथी सहित आधुनिक चिकित्सा को अपमानित करने का आरोप है। इसी तरह का एक मामला कोझिकोड में न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कोर्ट में लंबित है। पतंजलि और उसके संस्थापकों को अपने विज्ञापनों के कारण पिछले दो वर्षों में कई कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इस मुद्दे ने तब राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया जब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसके विज्ञापनों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया और भ्रामक दावों के लिए अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया। रामदेव और बालकृष्ण के सुप्रीम कोर्ट में पेश होने और उनके सार्वजनिक माफी मांगने के बाद कोर्ट ने पतंजलि को अखबारों में माफीनामा प्रकाशित करने का आदेश दिया। हालाँकि, अदालत ने 1945 के ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स के तहत कड़ी कार्रवाई नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना भी की।

# झारखंड में ट्रक की टक्कर से तीन व्यक्तियों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, झारखंड के सिमडेगा में रविवार को एक ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना आज शाम केरसई पुलिस थानाक्षेत्र के करंगागुड़ी के पास हुई। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केरसई पुलिस थाने के प्रभारी रामनाथ राम ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया, दोपहिया वाहन पर चार लोग सवार थे। तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोटरसाइकिल दुर्घटनास्थल पर मिली। मृतकों की पहचान अभिषेक तिग्गा, आशीष लाकड़ा और विक्रम बिलुंग के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 20-25 वर्ष थी।

# पूर्वी दिल्ली में प्रेमिका के विवाह स्थल के पास कार में जली हुई अवस्था में व्यक्ति मृत मिला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके के पास एक 24 वर्षीय व्यक्ति अपनी कार में जली हुई अवस्था में मृत पाया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब अनिल 14 फरवरी को होने वाली अपनी शादी के निमंत्रण पत्र बांटने के बाद नोएडा के नवादा गांव स्थित अपने घर लौट रहा था। शनिवार को पुलिस को रात 11:03 बजे, 11:07 बजे और 11:13 बजे तीन पीसीआर कॉल मिलीं, जिनमें गाजीपुर इलाके के पास आग लगने की घटना की सूचना दी गई। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि मारुति वैगन आर कार में आग लगी हुई थी। कार के अंदर अनिल का जला हुआ शव पड़ा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, जब हमारी टीम मौके पर पहुंची तो उन्होंने कार में आग देखी और कार में बैठे व्यक्ति की पहचान अनिल के रूप में हुई। बाद में अनिल के बड़े भाई ने पुलिस को दो और कॉल कीं, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसकी मौत एक साजिश का हिस्सा थी। सुमित ने बताया कि अनिल शनिवार दोपहर शादी का निमंत्रण पत्र बांटने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। जब उन्होंने उसका हालचाल जानने के लिए फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। रात करीब 11.30 बजे पुलिस ने उन्हें अनिल की मौत की सूचना दी। परिवार ने यह भी संकेत दिया कि जिस महिला से वह प्रेम करता था, उसके परिवार के साथ विवाद भी उसकी मौत का कारण हो सकता है। पुलिस के अनुसार, अनिल का एक दूर की रिश्तेदार के साथ प्रेम संबंध था, लेकिन उसके (लड़की के) पिता इस रिश्ते के खिलाफ थे। घटना की रात, लड़की की शादी पास के एक बैंक्वेट हॉल में हो रही थी और अनिल कथित तौर पर उसमें शामिल हुआ था। अधिकारी ने कहा, परिवार के सदस्यों का आरोप है कि उनकी मौत के पीछे कोई साजिश है। अधिकारी ने कहा, यह भी बताया गया है कि घटना से पहले लड़की के पिता ने मृतक के रिश्तेदारों से झगड़े के बारे में तीन पीसीआर कॉल की थीं। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अनिल को बचाने के लिए कई लोगों ने कार की खिड़कियां तोड़ी, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने कहा कि हमने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया है और जांच जारी है।

# बिहार में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को मौतों के बारे में रविवार को पता चला, हालांकि पहली मौत चार दिन पहले हुई थी और सभी सातों के शवों का अंतिम संस्कार पहले ही किया जा चुका था। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) शौर्य सुमन ने बताया कि सभी मौतें लौरिया थाना क्षेत्र में हुई हैं। स्थानीय लोगों ने मौतों के लिए जहरीली शराब को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन एसपी ने कहा कि दो व्यक्तियों की मौतों के पीछे की वजह शराब नहीं थी। सुमन ने बताया कि एक व्यक्ति को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी, जबकि दूसरे को लकवा मार गया था। सुमन ने पीटीआई-भाषा से कहा, पहली मौत 15 जनवरी को हुई थी, हालांकि हमें घटना के बारे में आज ही पता चला। शेष पांच मौतों का कारण स्पष्ट नहीं है, क्योंकि पुलिस को सूचित किए जाने से पहले ही सभी सात शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। हमने मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए एक जांच टीम का गठन किया है। पश्चिम चंपारण के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सुमित कुमार ने कहा कि मौतों के कारणों का पता लगाना मुश्किल है क्योंकि सभी शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, जांच टीम को 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि टीम पिछले तीन-चार दिनों में लौरिया में मरने वालों की पहचान का पता लगाएगी। मृतकों में से एक के परिजन ने बताया, मेरे भाई प्रदीप ने अपने दोस्त मनीष के साथ शराब पी थी। दोनों की मौत हो गई। अप्रैल 2016 में नीतीश कुमार सरकार ने बिहार में शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# राजस्थान में पेंशन नहीं मिलने से लाखों लाभार्थी परेशानः अशोक गहलोत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुजुर्ग लाभार्थियों को पेंशन नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए रविवार को कहा कि इससे लाखों लाभार्थी परेशान हैं। उन्होंने झुंझुनूं में वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की एक खबर साझा करते हुए एक्स पर लिखा, कृपया अपने हक के लिए आवाज नहीं उठाएं, राजस्थान की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सो रही है, उनकी नींद खराब हो जाएगी।

गहलोत ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा, राजस्थान में हमारी सरकार ने न्यूनतम आय गारंटी कानून बनाया था जिसमें हर बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा इत्यादि को हर महीने पेंशन का अधिकार दिया गया है यानी राजस्थान सरकार इन श्रेणियों में शामिल लोगों को पेंशन देने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा, परन्तु झुंझुनूं में पेंशन ना मिलने पर अपने हक की फरियाद रखने आए बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ऐसे मामले में जहां पेंशन संबंधी कानून का पालन ना करवा पाने पर जिम्मेदार कार्मिकों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी वहां सरकार अपनी शिकायत दर्ज करवाने वाले बुजुर्ग को गिरफ्तार कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया, राजस्थान में लाखों पेंशन लाभार्थी इसी तरह परेशान हैं क्योंकि उनकी पेंशन कई महीनों से नहीं आ रही है। संभवतः उन पर दबाव बनाने के लिए ऐसी कार्रवाई की गई है। गहलोत ने कहा, यह पेंशन इन सभी लोगों की आजीविका निर्वहन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर महीने पूरे राजस्थान में प्राथमिकता के आधार पर सभी पात्र लोगों को पेंशन मिले।

# अंगीठी जलाकर सोने से मां समेत दो बच्चों की दम घुटने से हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित एक तीन मंजिला मकान के एक कमरे में एक महिला और उसके दो बच्चों की मौत जैसी दर्दनाक घटना से पूरा नगर और क्षेत्र सहम गया। महिला का पति फौज में है और वह मौजूदा समय में कश्मीर में तैनात है। समझा जाता है कि महिला ने रात के समय अपने दोनों बच्चों को भीषण ठंड से बचाव के लिए कमरे में कोयले की अंगीठी जलाकर रखी थी। कमरा एयर टाइट होने के चलते कोयले के धुंए और गैस से फौजी की पत्नी और दोनों बच्चों की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सभी परिजन यहां आ पहुंचे और कमरे में पड़े तीनों शव देखते ही दहाड़े



मारकर रोने-बिलखने लगे।

फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआ घाट अंतर्गत मजरा मुन्नी खेड़ा निवासी सुंदर सिंह उर्फ नन्हक्के का इकलौता पुत्र आलोक सिंह राजपूत रेजीमेंट में सुबेदार के पद पर तैनात है और वर्तमान समय में उसकी ड्यूटी कश्मीर के राजौरी सेक्टर में लगी है। बीते करीब दो वर्ष से फौजी आलोक सिंह की पत्नी रचना सिंह उर्फ नीशू और उनका बेटा अंश सिंह उर्फ.वैभव 7 वर्ष तथा अबोध बेटी वैष्णवी 3 वर्ष नगर के में मोहल्ला न्यू कटरा स्थित नवनिर्मित तीन मंजिला मकान में रहते चले आ रहे हैं। बीते रविवार की रात फौजी का पत्नी और दोनों बच्चे मकान की निजली मंजिल के अंदर एक कमरे में सोए हुए थे।

आज सुबह करीब आठ बजे फौजी आलोक सिंह ने अपनी पत्नी को फोन मिलाया। किंतु उसका फोन नहीं उठा। तब उसने पड़ोसी महिला कल्पना गुप्ता को फोन कर पत्नी से बात कराने को कहा। पड़ोसी महिला ने भी आवाज देकर फौजी की पत्नी को बुलाया। कुछ देर बाद ही फौजी के गांव निवासी मुन्नी लाल दूध लेकर आया और आवाज लगाई। कोई प्रतिक्रिया न मिलते देख मुन्नीलाल ने फोन कर पड़ोस में ही स्थित आरडीएस स्कूल में नौकरी कर रहे फौजी के चचेरे भाई पंकज सिंह को बुलाया। पंकज सिंह ने पड़ोसी मकान की छत के सहारे फौजी के मकान में किसी तरह दाखिल हुआ और कमरे का खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए। फौजी की पत्नी रचना सिंह और उसकी अबोध बच्ची वैष्णवी दोनों मां-बेटी के शव बेड पर पड़े हुए थे और बेटे अंश सिंह का शव बेड के नीचे फर्श पर पड़ा हुआ था।

यह देखकर चचेरे भाई पंकज सिंह ने घटना की सूचना फौजी आलोक सिंह और उनके परिजनों तथा पत्नी रचना सिंह के मायके ग्राम भड़सर नौशहरा निवासी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन यहां आ पहुंचे और तीनों शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगे। तभी क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक मौके पर जा पहुंचे। परिजनों ने बताया कि फौजी आलोक सिंह राजौरी से वैष्णो देवी मंदिर आए थे और वह हवाई जहाज से यहां के लिए चल चुके हैं। फिलहाल फौजी के परिजन और पत्नी के मायके के परिजन आलोक सिंह के आने तक पोस्टमार्टम के लिए तीनों शव भेजने से इंकार कर रहे हैं।

## एसीपी ने जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों व महिलाओं को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। नटौली ग्राम में सोमवार को एसीपी रजनीश वर्मा ने प्रशिक्षु एसीपी रिषभ यादव ,एसओ अनुज कुमार तिवारी की मौजूदगी में पंचायत भवन में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणो व महिलाओ को जागरूक किया ।एसीपी रजनीश वर्मा ने ग्रामीणो से बच्चो को शिक्षित बनाने व युवाओ से नशा छोड़ने की अपील भी की उन्होने ने ग्रामीणो व महिलाओ को वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइवर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है ।अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिक अथवा ओटीपी शेयर न करें। ।इस मौके पर प्रधान नीरज सिंह व उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह समेत ग्रामीण व महिलाये मौजूद रहे।

## क्वार्टर फाइनल मैच : एस एस निगोहां ने संत फ्रांसिस तो काली ब्रदर्स ने बाबू खेड़ा को हराया

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। सोमवार को निगोहां प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल मैच का छठवां दिन दो लीग मैच हुए। जिसमें पहले मैच में संत फ्रांसिस टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर मात्र 98रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एस एस निगोहा की टीम ने 12 ओवर में दो विकेट खोकर 103 रन बनाकर जीत दर्ज की। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में बाबू खेड़ा टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वहीं काली ब्रदर्स टीम ने 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। मुकाबले में बाबू खेड़ा टीम ने 9.4 ओवर में मात्र 76 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। जिसमें कल्ली ब्रदर्स टीम के शेर अली ने अच्छा प्रदर्शन दिखाते हुए मैन ऑफ द मैच पर कब्जा किया। टूनार्मेंट के आयोजक शैलेंद्र सिंह दीपू ने बताया मंगलवार को सेमीफाइनल मैच एजुकेशन हब और ब्लैक मांबा बछरावां की टीम के बीच 20 ओवर का मैच खेला जाएगा

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया

अमन लेखनी समाचार

नगराम ।नहेरू युवा केंद्र लखनऊ द्वारा सोमवार को पुलिस के सहयोग से सड़क जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत नीरज रमादेवी नलनीश कुमार इंटर कालेज ,समेसी के छात्र छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आम लोगों और वाहन चालकों को जागरूक किया गया।इस दौरान बिना हेलमेट लगाकर वाहन चला रहे लोगों को नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों ने जागरूक किया साथ ही छात्र छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखे पोस्टर और बैनर लेकर समेसी बाजार की सड़कों पर मार्च किया। ₹सड़क सुरक्षा ,जीवन रक्षा,₹ तेज गति से बचें, जीवन सुरक्षित रखें, जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। सुरक्षित यात्रा करने के लिए हेलमेट पहनने की सलाह दी। साथ ही वाहन चालकों से कहा कि जो वाहन चालक हेलमेट नहीं लगते हैं वह दुर्घटना का ज्यादा शिकार हो रहे हैं। सदस्यों ने वाहन चालक से अनुरोध भी किया कि यदि आपको अपनी जान से और अपने परिवार से प्यार है तो हेलमेट लगाकर ही घरों से चले। वहीं थाना प्रभारी नगराम विवेक कुमार चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा। सड़क पर हमारा हर कदम जिम्मेदारी का होना चाहिए। नियमों का पालन करके न केवल हम अपना जीवन सुरक्षित रखते हैं। बल्कि दूसरों के जीवन की भी रक्षा करते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ,एसओ विवेक कुमार चौधरी, प्रधान अशोक कुमार,बिंदेश्वरी प्रसाद शुक्ला ,अमन कुशवाहा, उत्तम कुमार वर्मा, विवेक द्विवेदी, अभिषेक वर्मा उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी सिविल एवं सप्लाई ज्योति गौतम ने एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा व एसीपी रजनीश वर्मा समेत अन्य विभागो के अधिकारियो की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ज्योति गौतम को शिकायती पत्र देते हुये प्रधान सोनी ने बताया उनकी ग्रामपंचायत दहियर में स्थित गांटा स०-1107 व 1035क जो कि सरकारी अभिलेखो में बंजर दर्ज है उक्त भूमि पर अशोक कुमार ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जब कि पूर्व में आरोपी के विरूद्व सरकारी जमीन कब्जाने का मुकदमा भी दर्ज हुआ था उक्त भूमि से बेदखली का भी आदेश हुआ था ।जिसके बाद भी जबरन सरकारी जमीनब पर कब्जा कर रखा है ।एडीएम ने महिला प्रधान की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये तहसीलदार को सरकारी जमीन से तत्काल अवैध कब्जा हटवाये जाने के निर्देश दिये ।दूसरी शिकायत गंगाप्रसाद निवासी काजीखेड़ा मजरा बघौली ने करते हुये बताया बघौली ग्राम पंचायत में स्थित सरकारी भूमियो पर अवैध कब्जा कर लोगो द्वारा खेती करने के साथ निर्माण कर लिया गया है ।बीते छःमाह में एसडीएम, तहसीलदार समेत सम्पूर्ण समाधान दिवसो में शिकायतो के बाद सरकारी जमीनो से अवैध कब्जा नही हटाया गया है ।एडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये नायाब तहसीलदार को राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर सरकारी जमीनो से अवैध कब्जा हटाये जाने के निर्देश दिये ।तीसरी शिकायत एसीपी रजनीश वर्मा से मासूम बच्ची लक्ष्मी व छःवर्षीय रौनक निवासी मिजार्पुर थाना सुशान्त गोल्फ सिटी ने लिखित शिकायत करते हुये बताया पिता साहबदीन शराब के नशे के आदी है जिसके चलते मां भी छोड़ कर चली गयी जिसके बाद से पिता संग पैतृक मकान में दोनो रहते है शराब के नशे के चलते पिता पैतृक मकान बेचना चाह रहा है ?सा करने से हम दोनो बेघर हो जायेगे ।एसीपी रजनीश वर्मा ने सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस को जांच कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

# डिजिटल शिक्षा का हब बन रहा है, स्थापित हुआ नया डिजिटल सेंटर

## डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर में युवा सशक्तिकरण के लिए 10वें रण बहादुर सिंह डिजिटल सेंटर का शुभारंभ किया

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह युवाओं को डिजिटल शिक्षा में अग्रणी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। डॉ. सिंह ने अपने पिता की स्मृति में रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केन्द्रों की स्थापना की पहल भी शुरू की है। इसी क्रम में सोमवार को विधायक ने सेक्टर एच, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड पर 10वे केंद्र का लोकार्पण किया। इस केन्द्रों की स्थापना के लिए डॉ. सिंह द्वारा 5 कंप्यूटर, इन्टरनेट कनेक्शन, आवश्यक फर्नीचर व अन्य उपकरण भी प्रदान किए जाते हैं। विधायक द्वारा स्थापित किए जा रहे इन केन्द्रों पर युवाओं को माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, टैली, विडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट



आदि कोर्सों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ. सिंह ने बताया आने वाला समय भावी पीढ़ी के लिए बहुत कठिन है, शिक्षा और नौकरियां अपना स्वरुप बदल रही है। वर्ष 2030 तक वर्तमान नौकरियों में से 80% का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। मशीनें मानव मष्तिष्क से अधिक कुशाग्र हो जायेंगी, उन्हें नियंत्रित करने के लिए युवा पीढ़ी में तकनीकी समझ, कौशल और अगले स्तर पर मेधा का विकास अत्यंत आवश्यक है। मशीनी युग के प्रभाव पर बोलते हुए सरोजनीनगर विधायक ने बताया कि, वर्ष 1997 में डिजिटल शतरंज खिलाड़ी डीप ब्लू ने गैरी कास्पारोव को शतरंज में हराया। 20 वर्ष पहले तक किसी ने मोबाइल फोन के माध्यम से खरीदारी करने, समाचारों का आदान-प्रदान करने, फिल्में देखने या हाथ की घड़ी से इढ, हार्ट रेट, रस्त्रड2, बॉडी टेम्परेचर और एउत्र्क्ष आदि को मापने की कल्पना भी नहीं की थी। बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। जहाँ 2019 में ये आंकड़ा प्रतिवर्ष 26 हजार था, वह अब बढ़कर 26 लाख प्रतिवर्ष तक पहुँच गया है। साइबर अपराधों को रोकने के लिए भी डिजिटल कौशल का होना अत्यंत आवश्यक है।

युवाओं को डिजिटल शिक्षा के साथ आगे बढ़ने और डिजिटल स्किल्स सीखने का आह्वान करते हुए सरोजनी नगर विधायक ने आगे जोड़ा, आने वाला समय एआई और रोबोटिक्स का है। भविष्य में गाड़ियां स्वचालित होंगी और चिकित्सा क्षेत्र में एआई अधिकाँश जांचें करने में सक्षम होगी। सरोजनीनगर के युवा डिजिटल कौशल के साथ आगे बढ़ें और भविष्य के डिजिटल भारत का नेतृत्व करें। इन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करने के साथ-साथ निरंतर संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस दौरान केंद्र संचालक हिमांशु गुप्ता, दीपक गुप्ता, रिषभ गुप्ता, अजय प्रताप सिंह, आरपी यादव, रमा शंकर दुबे, चंद्र भूषण पांडेय, मुकेश बाजपेई, सत्यम शुक्ला, सुनील शर्मा, जानकी अधिकारी, शेर अली खान, शिव कुमार सिंह 'चच्चू', जितेंद्र सिंह, अंजलि बाजपेई, श्याम त्रिपाठी, विनय दीक्षित, करुणा सारस्वत, रजनीश श्रीवास्तव, आमोद कुमार जी, पार्षद केएन सिंह व गीता देवी आदि मौजूद रहे।

## ड्राइविंग सिखने के दौरान युवती ने चिकित्सक की खड़ी कार में मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना क्षेत्र के सेक्टर के में एक सप्ताह पूर्व ड्राइविंग सीखने के दौरान एक युवती घर के बाहर खड़ी डॉक्टर की कार में टक्कर मार दी जो घटना सीसी कैमरे में कैद हो गया। फुटेज आधार पर डॉक्टर ने गाडी नंबर द्वारा चालक के खिलाफ आशियाना थाने पर शिकायत की है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सेक्टर के-83 सी में डॉक्टर वंदना श्रीवास्तव पुत्री स्व योगेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव रहती है। डॉक्टर के अनुसार बीते 12 जनवरी को दिन में घर पर नहीं थी और उनकी कार घर के सामने खड़ी थी। खड़ी में कार में इनोवा गाडी संख्या यूपी 32 एलक्यू 0999 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गई है। ये घटना घर के सीसी कैमरे कैद हो गई। जब वह वापस घर लौटी तो कार क्षतिग्रस्त देख कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी। आसपास के लोगो से मालूम पड़ा की गाडी चलाने वाली एक युवती थी जो गाडी चलाना सीख रही थी और अनियंत्रित हो उनकी कार में टक्कर मर क्षतिग्रस्त कर दिया ।डॉक्टर की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने रविवार को गाड़ी नंबर आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अपने जिंदा होने का सुबूत देने पहुंचा किसान, बोला साहब! मैं अभी जिंदा हूं

### जीवित किसान को लेखपाल ने अभिलेखों में दिखा दिया मृतक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोमवार को सरोजनी नायडू सभागार में जिलाधिकारी विशाख अय्यर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ. जिसमें आयी 65 शिकायतों में 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। समाधान दिवस में खड़ौहां निवासी किसान श्यामलाल ने डीएम को रोते हुए बताया कि खड़ौहा स्थित खसरा संख्या 2147, 2173, 2126 व 2122 की 0.783 हेक्टेयर जमीन पर अकेला काबिज किसान है। यह जमीन वर्ष 1976 में पिता जैराम पुत्र नन्हे के नाम दर्ज हुई थी। उनकी मृत्यु के बाद भूमि श्यामलाल और उनकी मां सुखदेई के नाम वरासतन दर्ज की



डीएम के सामने अपना दर्द बयां करता – किसान

गई। वर्ष 2019 में मां सुखदेई की मृत्यु के बाद यह भूमि श्यामलाल के नाम दर्ज की गई। श्यामलाल ने बताया कि कुछ दिन पहले जब पीएम किसान फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जमीन के कागज निकलवाए तो पता चला कि श्यामलाल को मृत दिखाकर उक्त नम्बरों पर बांक गांव निवासी राजपति पत्नी श्यामलाल व देवीप्रसाद और राजबहादुर श्यामलाल रावत के नाम वरासत कर दर्ज कर दी गई। जिसमें श्यामलाल को मृतक दिखा कर किसी अन्य के नाम वरासत करा दी। वहीं रोते हुए अपने जिंदा होने का सुबूत देने पहुंचा किसान, बोला साहब! मैं अभी जिंदा हूं।

डीएम विशाख अय्यर ने राजस्व निरीक्षक मलिहाबाद को जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। वहीं मलिहाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष जसकरन सिंह उर्फ जेके सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने लंबित मांगों को लेकर नवनियुक्त जिलाधिकारी से शिकायत कर उपजिलाधिकारी की न्यायिक कोर्ट खाली होने के चलते विवादित पत्रावली महीनो लंबित रहती है। इसके आलावा काकोरी क्षेत्र के 66 गांव मलिहाबाद तहसील में जोड़े जाने की अधिवक्ताओं ने मांग की वहीं 151, 107/16 के एसीपी कोर्ट मलिहाबाद में बनाए जाने की मांग। जिसको लेकर डीएम ने जांच करने का आदेश दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी तरह से अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरताने वाले अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी मलिहाबाद गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार विकास सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह, एसीपी अमोल मुर्कुट सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अहमद सिद्दीकी समाजसेवी द्वारा किया गया कंबल वितरण

अमन लेखनी समाचार

बाराबंकी ।जनपद बाराबंकी के ग्राम बहरौली थाना कुर्सी तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी मे कम्बल वितरण कार्यक्रम समाज के उद्धान के लिए नियंत्रण कार्य करने वाले समाजसेवी समिति द्वारा कराया गया जिसमें सैकड़ो लोगों को कम्बल वितरण कराया गया जिसके आयोजक असद साजिद यूथ आइकॉन भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा सम्मानित व हन्ना (समाजसेवी) द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश विजय कुमार व विशिष्ट अतिथि निहाल अहमद सिद्दीकी समाजसेवी बाराबंकी मौजूद रहे जिसमें विजय कुमार पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश ने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से आप लोगों के बीच आने का मौका मिला और असद साजिद व हन्ना और उनकी पूरी टीम का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं और मैं निरंतर प्रयास करता रहूंगा की जो मुझसे हो सके लोगों की मदद करता रहूंगा, व निहाल अहमद सिद्दीकी समाजसेवी ने कहा हम निरंतर कोशिश करते रहते हैं जो लोगों का हक है वह उन तक पहुंचे और जो भी सरकार की योजनाएं आती हैं उसके बारे में भी लोगों को अवगत कराया करते हैं और कोशिश करते हैं जो उसके पात्र हैं वह उसे मिले, असद साजिद ने कहा हमें लोगों की मदद करके बहुत ही सुकून मिलता है कि हमें ईश्वर व अम्मी अब्बू ने इस काबिल बनाया है हम और हमारी टीम के हमेशा लोगों की सेवा में समर्पित रहेगी, मुख्य रूप से मौजूद रहे हन्ना रिजवान, शिवकुमार, फाजिल, अंकित सिंह, ओसामा, जसमीत, आदि लोग शामिल रहे

## पांच लाख की मांग पूरी न होने पर विवाहिता का कराया गर्भपात

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति सास और ननद के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मांग पूरी न होने पर दो दो बार गर्भपात कराने का आरोप लगा पुलिस से शिकायत की है ।विवाहिता की शिकायत पर आशियाना पुलिस दहेज लोभियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल में जुटी है ।आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर आई निवासी ज्योति शुक्ला पुत्री गिरिजेश नारायन अवस्थी के अनुसार वर्ष 2020 में उसका विवाह हाइडिल सरोजनीनगर निवासी अभय कुमार शुक्ला के साथ हुआ था विवाह के समय उसके पिता ने अपने हैसियत के अनुसार भरपूर दान दहेज भी दिया। शादी के बाद से ही उसके पति व सास कामिनी शुक्ला और ननद रिचा शुक्ला आए दिन कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगी आरोप है कि इनलोगो के कहने पर उसके पिता ने एक फ्लैट क्रय कर दिया था इसके बावजूद इनलोगो की लालच खत्म नहीं हुई और व्यापार के लिए पिता से पांच लाख रुपए की मांग करने लगे मांग पूरी न होने पर उसकी सास ने अपने बेटे से कह गर्भपात करा दिया और उसे लगातार प्रताड़ित करते रहते थे और भूखे प्यासे रखते थे। प्रताड़ना से दुखी हो उसने वर्ष 2023 में सरोजनीनगर थाने पर शिकायत किया था जिसपर मेडिएशन दौरान समझौता करा दिया गया ।जिसके बाद वह अपने पति के साथ अलग किराये के मकान में रहने लगी लेकिन इसके बावजूद भी उसकी सास और ननद की उसके गृहस्थी में दखल अंदाजी बनी रही और उसके पति अपनी माँ के कहने पर उसे प्रताड़ित करते रहते थे वर्ष 2024 में वह अपनी पति के बैग में लेडीज दुपट्टा देख पूछा तो पति ने कहा कि वह दूसरी शादी कर चूका है और उसकी अब उसे जरूरत नहीं है। ससुरालीजनों से तंग आकर विवाहिता अपने मायके चली आई। विवाहिता की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने रविवार को पति समेत सास और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दबंगो ने महिला को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला को दंबग लोगो ने बुरी तरह पीट दिया। पीड़ित महिला न्याय की फरियाद लेकर थाने पहुँची जहा पुलिस ने जांचोपरांत कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। थाना क्षेत्र के गाँव सेढवा दुलीखेडा निवासिनी रुपरानी पत्नी वृन्दावन ने तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे वह अपने निजी खेत पर काम कर रही थी तभी वहाँ गाँव के ही निवासी राधेश्याम पुत्र हनुमान और माधुरी पत्नी राधेश्याम और सरिता पुत्री राधेश्याम आ गये और पुरानी रंजिस के चलते मुझसे गाली गलौज करते हुए मार-पीट करने लगे। मुझको तीनो लोगो ने मिलकर डंडो से बहुत मारा जिससे शरीर पर कई जगह गम्भीर चोटे भी आयी है ।गाँव वालो के आ जाने मुझको जैसे तैसे बचाया लेकिन जाते हुए उक्त लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी दी ।जब मेरी गर्भवती पुत्री मंजू देवी को झगड़े की सूचना मिली तो मेरी पुत्री बचाव के लिए आ रही थी तभी उसे रास्ते में माधुरी ने धक्का दे दिया जिससे मंजू गेहूँ के खेत में गिर गयी ।मारपीट के दौरान के साथ मेरा सोने का माला और चाँदी की तोडिया और सोने की टप्स कही गिर गये। जिससे मेरा काफी नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है। जांचोपरांत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## नालियों का गंदा पानी व लगे कूड़ो के ढेर से ग्रामीणों का जीना दुभर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खण्ड सिकंदरपुर सरोसी के स्मार्ट गांव मरौंदा सूचीत के रास्तों में इस समय नालियों का गंदा पानी व गंदगी फैली हुई हैं ।कई जगह तो ग्रामीणों ने ही रस्ते पर कूड़े का ढेर लगा रखा है ।जिससे आवागमन में लोगो को काफी दिक्कत हो रही हैं ।लोगो ने बताया हमारे गांव की प्रधान केवल मोहर बन कर रह गई है ।ग्राम विकास अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव ने बताया पंचायत भवन के सामने नाली नहीं बनी हैं ।पड़ोस के दो घरों का पानी सड़क पर बह रहा हैं ।उनसे गड्ढा खोदने को कहा गया हैं ।फिलहाल सफाई कर्मी कूड़ा हटा कर सफाई कर देगा। मरौदा सुचित गांव के मुख्य सड़क पर पंचायत भवन के सामने नालियों का गंदा पानी भरा हुआ हैं ।सड़क पर इतना कीचड़ कि है पैदल चलना मुश्किल हो गया है ।गांव के नन्हा यादव,उमाशंकर रावत, अनिल, मनीष, अन्नू, मनमोहन, इस्माइल, प्रवीण लाला,रवि, प्रमोद ,दिनेश, रामकिशन आदि ने बताया सन 2015 मे स्मार्ट गांव मरौदा सूचित घोषित हुआ था ।मौजूदा ग्राम प्रधान केवल मोहर बन कर रह गई है ।जिससे अब पूरे गांव की दुर्दशा हो गई हैं।

## कबाड़ में खड़ी गाड़ियों में लगी आग,मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , आलमबाग कोतवाली इलाके में सोमवार को आलमबाग इलाके स्थित आलमबाग बस अड्डा के निकट सरदारी खेड़ा मस्जिद के बगल में खड़ी कबाड़ गाड़ियों अचानक आग लग गई। देखते देखते आग ने विक्राल रूप धारण कर लिया ।वहीं कन्ट्रोल नम्बर की सूचना पर पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। आलमबाग अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि आलमबाग बस अड्डा के निकट सरदारी खेड़ा मस्जिद के बगल में खड़ी कबाड़ गाड़ियों में लगी थी। जिसपर दो फायर की गाड़ियों से काबू पा लिया गया है। इस दौरान कोई भी जनहानि नहीं हुई है। वहीं आलमबाग अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह के अनुसार दोनों गाड़ियां कबाड़ हो चुकी थी तथा शिवराज मिस्त्री की थी जो लगभग 2 साल पहले छोड़कर चला गया हैं।

## संक्षेप

### क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन ठगी का युवक हुआ शिकार खाते से निकले 38 हजार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचम खेड़ा निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय कृष्ण कुमार वर्मा क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए क्रेडिट कार्ड से स्टेट ऑफ बैंक आफ इंडिया व बैंक ऑफ बड़ौदा से रुपया 38000 ठग निकाल ले गए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाईपुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी

### मुकदमे को वापस लेने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

बीघापुर, उन्नाव। न्यायालय में चल रहे मुकदमे को वापस लेने का दबाव देने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम संदेही नगर कस्बा बीघापुर निवासी पदमकान्त पुत्र स्व शिवशंकर बस स्टॉप की दुकान पर पड़ी हुई मिट्टी को फावड़े से बराबर कर रहा था तभी पीछे से अंकुर पुत्र पुत्तन लाल मूल निवासी मोहल्ला तिलक नगर कस्वा बीघापुर हालमुकम नागेश्वर नगर कस्बा बीघापुर थाना बीघापुर मुझे गन्दी गन्दी गालियां देते हुए कहा कि तुम्हारी औरत ने जो न्यायालय में मुकदमा डाला है उसे बापस लो नहीं तो ठीक नहीं होगा। इस बात को लेकर अंकुर ने हाथ में लिये हुए डण्डे से मुझे प्राण घातक हमला कर दिया और दाहिने कन्धे पर डण्डे की चोट लगी जिससे मेरा कन्धा टूट गया है और हाथ ऊपर उठ नहीं रहा है और मुझे उसी डण्डे से मारने पीटने लगा तब मेरे शोर मचाने पर वहां पर मेरे भतीजे शीलू और शराब ठेके का सेल्स मैन तथा अन्य लोग भी आ गये तब उन्होंने मुझे आकर बचाया जाते जाते कहा कि मुकदमा वापस ले लो नहीं तो जान से मार देंगे और धमकी देते हुए भाग गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता कि अपराधिक धाराओं के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लियो

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार पति घायल, पत्नी की मौत

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर सड़क हादसे में 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। बाईपास स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के पास दंपती मंदिर दर्शन के लिए बाइक से जा रहे थे। बिछौली गांव निवासी पंकज अपनी पत्नी निशा के साथ बाइक पर सवार थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें ओवरटेक करने का प्रयास किया। ऑटो निकलते समय बाइक का हैंडल उसमें फंस गया, जिससे दंपती काफी दूर तक घसीटते चले गए। गंभीर रूप से घायल दंपती को उनके देवर दुर्गेश ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने निशा को मृत घोषित कर दिया, जबकि पंकज का इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है

# जिलाअधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार




हसनगंज, उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील हसनगंज, में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील हसनगंज, में डीएम द्वारा विभिन्न विभागों की कुल 180 शिकायतें सुनीं गयीं, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

इस अवसर पर डीएम द्वारा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि बगैर अनुमति के कोई भी अधिकारी तहसील दिवस में अनुपस्थित नहीं रहेगा। समाधान दिवस में बगैर अनुमति अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर डीएम द्वारा क्षेत्र के मत्स्य पालको को पट्टा आवंटन, निर्विवाद वरासत पत्र एवं तहसील परिसर में तैनात कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र आदि वितरित किए गए। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। इस अवसर पर तहसील परिसर में विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी कैंप लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया गया ! सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीती चन्द्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 महावीर सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुनील शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, सहायक श्रमायुक्त एस0एन0नागेश, जिला मत्स्य अधिकारी बी0के0 दुबे, जिला कृषि अधिकारी शशांक, जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, एस0ओ0सी0 डॉ0 सुरेश सागर, उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# डबल टेकर बस में लगी आग, सभी यात्री सुरिक्षत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार शाम को एक डबल डेकर बस में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गहरपुरवा गांव के पास रायबरेली से राजस्थान जा रही बस में चलते समय शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में बस आग का गोला बन गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि बस में सवार लगभग 50 यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। राजस्थान जा रही एक डबल डेकर बस यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। जैसे ही बस गहरपुरवा गांव के पास पहुंची, उसमें अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। ड्राइवर ने जब बस में आग लगने की बात देखी, तो तुरंत बस को रोक दिया और यात्रियों को बाहर निकलने के लिए कहा। बस में सवार यात्रियों ने जल्दी-जल्दी बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग लगते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया। लोग चीख-पुकार करते हुए बस से बाहर भागने लगे। कुछ यात्रियों ने अपनी सूझबूझ से अन्य लोगों की मदद की और बस से सुरक्षित बाहर निकाला। बस में सवार लोग अपना सामान भी नहीं निकाल पाए, क्योंकि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी बस जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। भारी पुलिस बल भी घटनास्थल पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से घटना का विवरण लिया और आगे की जांच शुरू की। घटना में सभी 50 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, यात्रियों का सामान और बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। यात्रियों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को कुछ समझने का समय ही नहीं मिला। पुलिस और प्रशासन ने यात्रियों को सुरक्षित बचाने पर राहत की सांस ली। बांगरमऊ कोतवाली के प्रभारी ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

# घर के बाहर खेल रही मासूम की कुएं में गिरने से मौत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गयादीन खेड़ा गांव में मामा के घर आई 8 वर्षीय मासूम की कुएं में गिरने से मौत हो गई। अचलगंज थाना क्षेत्र के शुक्लापुर गांव के प्रधान सुधीर यादव की बेटी आन्या अपने मामा बउवा यादव के यहां आई हुई थी। बीती शाम करीब 5 बजे घर के बाहर खेलते समय आन्या का पैर फिसल गया और वह पास के खुले कुएं में जा गिरी। बच्ची की चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे कुएं से निकाला। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही निबई चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष राजपाल के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और परिजनों की शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने गांव में शोक की लहर पैदा कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई कुएं लंबे समय से बिना सुरक्षा के खुले पड़े हैं। उन्होंने प्रशासन से इन कुओं को या तो बंद करने या फिर सुरक्षित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों।

# अज्ञात वाहन ने पिकअप में मारी टक्टर चालक परिचालक घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के मूर्तजानगर में लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने एक पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिकअप वाहन का चालक और परिचालक वाहन में ही फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम पहुंची। दमकल अधिकारी (FSO) शिवराम यादव ने अपनी टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। क्रेन और अन्य उपकरणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद चालक और परिचालक को बाहर निकाला गया। मूर्तजानगर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और चालक आशु व परिचालक अंकुर वाहन के अंदर फंस गए। राहगीरों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दही थाना पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंची। ऋरड शिवराम यादव ने अपनी टीम के साथ त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे दोनों को निकालने में काफी परेशानी हुई। क्रेन की मदद से वाहन को उठाया गया और दोनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दोनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, चालक और परिचालक को गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। दही थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि वाहन की पहचान की जा सके।

# खतौनी लेने के लिए खाता धारकों की लगी लंबी लाइन



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। किसान सम्मान निधि में शासन के द्वारा के वाई सी व फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने को लेकर खाताधारक अपनी खतौनी लेने के लिए तहसील जा रहे हैं जहां सर्वर प्रॉब्लम व सिंगल विंडो होने के कारण सुबह से लेकर शाम तक खिड़की में भारी भीड़ देखी जा रही है तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में किसान प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लिए के वाई सी कराने के लिए किसान भूमि धारक खतौनी के लिए तहसील सुबह से ही पहुंच रहे हैं वहीं रियल खतौनी मिलने के कारण कुछकिसानों को अपनी भूमि नंबर नहीं पता होने के कारण व सर्वर दिक्कत होने के कारण लगातार किसानों को समस्याएं पैदा हो रही व सुबह से लेकर शाम तक खतौनी लेने के लिए खिड़की पर खड़े रहते हैं व लाइन लगी रहती है दूर-दूर से जाकर किसान खतौनी को लेने के लिए लगातार कई दिनों से परेशान हो रहे हैं

# कड़ाके दार ठंड में बच्चे हुए अधिक बीमार, 1453 पहुंचे अस्पताल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कड़ाके की सर्दी ने बच्चों की सेहत पर गंभीर प्रभाव डाला है। जिला अस्पताल की बाल रोग ओपीडी में पिछले सात दिनों में 1453 बच्चों को इलाज के लिए लाया गया, जिनमें से लगभग 30 प्रतिशत बच्चे कोल्ड डायरिया और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित पाए गए। बाल रोग विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिदिन 100 से अधिक बीमार बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं, जिनमें पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की संख्या अधिक है। विशेषज्ञ डॉ. अमित का कहना है कि बच्चों की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के कारण वे सर्दी के मौसम में जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। इस दौरान कोल्ड डायरिया और निमोनिया का संक्रमण भी अधिक सक्रिय हो जाता है। चिकित्सकों ने बताया कि ठंड के कारण बच्चे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते, जिससे डायरिया के मामलों में निर्जलीकरण की समस्या गंभीर हो जाती है।

वर्तमान में जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पांच गंभीर बच्चों को भर्ती किया गया है, जिनमें अधिकतर निमोनिया और डायरिया से पीड़ित हैं। समय पर उपचार मिलने से इन बच्चों की स्थिति में सुधार देखा जा रहा है। डॉक्टरों ने अभिभावकों को सलाह दी है कि बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं, पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं और ठंड से बचाएं। साथ ही किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। डॉ. अमित ने बताया कि बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए परिजनों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं, ठंडी हवाओं से बचाएं और घर के अंदर रखने की कोशिश करें। उन्हें नियमित रूप से गुनगुना पानी पिलाएं और शरीर में पानी की कमी न होने दें। इसके अलावा, बच्चों के खानपान पर ध्यान देकर उनकी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास करें। जिला अस्पताल में बीमार बच्चों की बढ़ती संख्या को देखकर परिजनों की चिंता बढ़ गई है। अधिकांश परिजन अस्पताल में लंबी लाइन लगाकर अपने बच्चों का इलाज करवाने पहुंच रहे हैं। सर्दियों के कारण छोटे बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाने के लिए प्रशासन भी जागरूकता अभियान चलाने पर विचार कर रहा है।

# गहोई समाज के त्रिदिवसीय गहोई दिवस एवं सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव




झाँसी। गहोई दिवस आयोजन समिति छतरपुर के तत्वाधान में छतरपुर स्थित गहोई धाम में त्रिदिवसीय गहोई दिवस एवं सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन 19 जनवरी से प्रारंभ होकर 21 जनवरी को संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में गहोई महिला मंडल, गहोई नवयुवक मंडल एवं गहोई यूथ क्लब की विशेष रूप से उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के सदस्यों को एकत्रित कर सामाजिक बंधनों को मजबूत करना और एक दूसरे के साथ सामंजस्य स्थापित करना है। कार्यक्रम के प्रथम दिन 19 जनवरी को कार्यक्रम की शुरूआत शोभायात्रा के साथ हुई इसके पश्चात मंच पर ध्वजारोहण, ध्वज गीत, दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से पधारी वंदना राजकुमार पिपरसेनिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झाँसी जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी, प्रभा अशोक नगरिया, अनिल खरया, राजीव खंताल, मुकेश बिलैया उपस्थित रहे। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात दोपहर 2:00 से समरसता स्नेहभोज का आयोजन किया गया एवं शाम 6:00 बजे से सामूहिक विवाह महायज्ञ प्रारंभ हुआ। जिसमें विवाह के मांगलिक कार्यक्रम पश्चात अतिथियों द्वारा विवाह सूत्र में बंधे नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया गया। शोभायात्रा से प्रथम दिवस के कार्यक्रम समापन तक हजारों की संख्या में गहोई समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी ने कहा गहोई वैश्य समाज सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से सम्पन्न समाज है।

हमारे समाज ने चाहे स्वतंत्रता संग्राम हो या देश की आजादी के बाद भारत को विकास के पहिए पर दौड़ने की, हमने भरपूर योगदान दिया है। आज के युग में हमें एक दूसरे से मिलने का समय नहीं मिल पाता लेकिन इस प्रकार के आयोजनों से हमें एकत्रित होने का मौका मिलता है जिसमें हम समाज के विकास के लिए ठोस प्रयास कर सकते हैं। इस त्रिदिवसीय आयोजन में संयोजक के रूप में रवि नीखरा, अध्यक्ष के रूप में के के बृजपुरिया, महासचिव राकेश रूसिया एवं कोषाध्यक्ष के रूप में ओम प्रकाश पिपरसनिया उपस्थित रहे। एवं अन्य पदाधिकारी के रूप में अमित बरसैया, जयदीप बृजपुरिया राजेश पंसारी, जगदीश पंसारी, सोमेश छिरोल्या, राकेश खरया, मदन बृजपुरिया, विनोद बिलैया, प्रमोद नोगरैया, संजय बजरंगगढ़ी, हैप्पी नौगरैया, वीरू पिपरसेनिया, अभिषेक बरसैया, पियूष सेठ, कृष्णा रावत, उमेश बरसैया, राकेश बहरे, संदीप रखोल्या, अनुज टिकरया, प्रद्युमन चउदा, विजय पहारिया, दीपक नीखरा, अंकित चउदा, पंकज पहारिया, श्रीराम पहारिया, रोहित गुप्ता, राहुल पिपरसेनिया, सचिन बृजपुरिया, रोहित पहारिया, अनिरुद्ध बहरे, शैलेंद्र चउदा, अजय पहारिया, संदीप नौगरैया, प्रदीप बृजपुरिया विक्रांत रेजा आदि उपस्थित रहे।

# नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में आर. एस. पब्लिक स्कूल की टीम ने सभी 9 मेडल जीत रचा इतिहास

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के संडीला रोड स्थित आर एस पब्लिक स्कूल की ताइक्वांडो टीम ने राजधानी लखनऊ में चल रही 7वी नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विभिन्न प्रकार की कैटेगरी में स्वर्ण, रजत, एवं कांस्य पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। पदक जीतने वाले बच्चों में अर्णव प्रताप सिंह आस्था यादव ,राजपाल ने स्वर्ण पदक, इशिता गुप्ता, अनुभव कुशवाहा , अथर्व पटेल ने रजत एवं अथर्व सिंह , खुशबू गुप्ता एवं करन शर्मा ने कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार एवं जनरल सेकेट्री राजकुमार के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों की इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रबंधक रिजवान अहमद एवं विद्यालय के कॉर्डिनेटर आमिर अहमद तथा समस्त स्टाफ ने बच्चों की प्रशंसा की एवं बच्चों के द्वारा केक काटकर विजय का उत्सव मनाया। इस अवसर पर ताइक्वांडो टीम के कोच पवन एवं आकांक्षा उपस्थित रही।

# ट्रेन की चपेट से युवक की हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज स्थित बंड हमीरपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चक अनूपपुर गांव निवासी अजय के रूप में हुई है। घटना बीती रात की है। सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। ट्रेन चालक की सूचना पर रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि अजय मिर्गी का मरीज था और उसे अक्सर दौरे आते थे। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह संभावना सामने आई है कि मिर्गी का दौरा आने से अजय ट्रैक पर गिरा होगा और ट्रेन की चपेट में आ गया। बेधर चौकी के दरोगा डीपी सिंह के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद चक अनूपपुर गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार अजय शांत और मिलनसार स्वभाव का युवक था। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# महराजगंज-हैदरगढ़ हाईवे पर टीयूवी ने बाइक को मारी टक्कर



**हादसे में युवक की मौत, दिव्यांग पिता का टूटा सहारा; 6 साल का बेटा हुआ अनाथ**

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, लखनऊ के पास हैदरगढ़ में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। महराजगंज-हैदरगढ़ हाईवे पर हनुमंत नगर चौराहा के पास तेज रफ्तार महिंद्रा टीयूवी ने बाइक सवार सौरभ मिश्रा को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सौरभ को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अछई गांव के रहने वाले सौरभ अपने दिव्यांग पिता कालिका प्रसाद मिश्रा के इकलौते बेटे थे। दस वर्ष पहले एक सड़क हादसे में उनके पिता ने अपना एक पैर खो दिया था। तीन साल पहले मां के गुजर जाने के बाद से सौरभ ही परिवार का एकमात्र सहारा थे। उनकी मृत्यु से उनकी पत्नी रूबी विधवा हो गई है और 6 वर्षीय बेटा विशू अनाथ हो गया है। हैदरगढ़ कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी के अनुसार, पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है।

# भव्य कलशयात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



ककरवई-झांसी। समीपस्थ ग्राम सिया के हनुमान गढ़ी मन्दिर पर सोमवार को निकाली गई भव्य कलशयात्रा के साथ साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलशयात्रा के पूर्व पावनधाम अयोध्या से पधारे भागवत भूषण आचार्य अशोक दास महाराज ने मुख्य यजमान सीमा रामप्रकाश मिश्रा को पंचगव्य पिलाकर शुद्धीकरण करवाया गया। कलशयात्रा में आगे आगे बैंड-बाजों के साथ अश्व नाचते हुए चल रहे थे, पीछे मुख्य यजमान परीक्षत बने रामप्रकाश मिश्रा अपने सिर पर महापुराण रखकर एवं उनके पीछे माताऐं अपने सिर पर कलश रखकर चल रहीं थीं। यात्रा हनुमान गढ़ी मन्दिर से शुरू होकर सभी देवालयों का पूजन अर्चन करते हुए कथा पांडाल हनुमान गढ़ी मन्दिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में ग्रामीणों ने अपने अपने दरवाजों पर महापुराण का तिलक लगाकर पूजन किया। वहीं प्रथम दिवस की कथा में भागवताचार्य अशोक दास जी ने भागवत महापुराण के महत्व की कथा सुनाते हुए कहा कि भागवत को साक्षात नारायण का रूप समझना चाहिए। जिनके ऊपर पूर्वजों की महान कृपा एवं क ?ई जन्मों के पुण्य उदय होते हैं। उनको भागवत महापुराण सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से चकाडोरी आश्रम के महंत राकेश दास महाराज, सिद्ध वावा के पुजारी दीपू महाराज, एडवोकेट ओमप्रकाश मिश्रा, रोहित द्विवेदी, भगवत उपाध्याय धीरू, धन सींग यादव, सत्यप्रकाश तिवारी, रामपाल सिंह यादव, कृष्ण दत्त तिवारी, श्याम सुंदर, देवेन्द्र तिवारी, श्रीराम पस्तोर, आशुतोष खरे उर्फ लला सहित सैंकड़ों की संख्या में गांववासी एव क्षेत्रबासी मौजूद रहे। कलशयात्रा एवं प्रथम दिवस की कथा समाप्त होने पर आयोजक घनाराम मिश्रा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## सम्पादकीय

# पुलिस जांच तंत्र में तत्काल सुधार जरूरी

पुलिस तंत्र को अपनी कार्यप्रणाली में सतत सुधार करते रहना चाहिए। कानूनों के क्रियान्वयन में जहां उसे संवेदनशील बनने की जरूरत है, वहीं जांच में अत्याधुनिक तकनीकों व तरीकों को अपनाने की आवश्यकता है। पूर्वधारणा के आधार पर या शिकायतकर्ता के आरोपों की गहन जांच किए बिना अपराध के लिए किसी को आरोपी बना देने की मानसिकता से बाहर निकलने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। शीर्ष अदालत ने पुलिस को संवेदनशील बनने की नसीहत के साथ चेतावनी दी है कि किसी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा केवल मृतक के व्यथित परिवार के सदस्यों की भावनाओं को शांत करने के लिए यांत्रिक ढंग से नहीं लगाई जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा है आरोपियों को जांच प्रक्रिया के दौरान ऐसी स्थिति के दुरुपयोग का शिकार न होना पड़े, जिसे साबित नहीं किया जा सके। पीठ ने दो टूक कहा, 'ऐसा लगता है कि पुलिस भादंसं की धारा 306 का लापरवाही से और बहुत आसानी से इस्तेमाल करती है। वैसे जहां मूल आधार हो, उन वास्तविक मामलों में शामिल व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।' दरअसल, सुप्रीम कोर्ट आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले की सुनवाई कर रहा था, इस दौरान कोर्ट ने पुलिस की जांच प्रणाली में खामियों को उजागर किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधीनस्थ अदालत को भी 'बहुत सावधानी और सतर्कता' बरतनी चाहिए तथा भले ही किसी मामले में जांच एजेंसियां धारा 306 के तत्वों के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा दिखा रही हों, अधीनस्थ अदालत को यांत्रिक रूप से आरोप तय करके 'सुरक्षित खेल खेलने की प्रवृत्ति' नहीं अपनानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी मामले को भादंसं की धारा 306 के दायरे में लाने के लिए आत्महत्या का मामला होना चाहिए और यह भी तथ्य होना चाहिए कि उक्त अपराध के लिए कथित तौर पर उकसाने वाले व्यक्ति ने आत्महत्या के लिए उकसाने या आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए कोई निश्चित कार्य करके सक्रिय भूमिका निभाई होगी। यह तो बानगी है। अनेक ऐसे मामले आए दिन प्रकाश में आते रहते हैं, जिसमें पुलिस कानून के गलत इस्तेमाल करते हुए दिखती है। कभी जांच की जटिलता से बचने के लिए, कभी दबाव में, कभी आपसी खुंदक में, कभी अपनी वाहवाही के लिए पुलिस आरोपों की जांच में या तो शीघ्रता बरतती है, या पूर्वधारणा का सहारा लेती है या फिर आरोपित को ही दोषी मानकर कार्रवाई करने लगती है। इसीलिए देश में पुलिस सुधार को लेकर मांग उठती रही है। पुलिस सुधार को लेकर सर्वोच्च न्यायालय निर्देश दे चुका है। शीर्ष अदालत ने स्वायत्तता, जवाबदेही और लोकोन्मुखता के बिंदुओं पर पुलिस तंत्र में सुधार की बात कही थी। पुलिस की स्वायत्तता को मजबूत कर उसे बाह्य दबावों से मुक्त रखने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि डीजीपी, आईजी, एसपी, एसएचओ की दो वर्ष की निश्चित तैनाती मिलनी चाहिए। राज्यों को नए सिरे से लोकोन्मुख पुलिस अधिनियम बनाने का निर्देश दिया था। पुलिस सुधारों को लोकतंत्र व सामाजिक कल्याण से जोड़कर ही इनके वास्तविक उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सकती है। मौजूदा सरकार को पुलिस सुधार को लागू करने की तरफ आगे बढ़ना चाहिए।



निवेश

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# प्रवासी भारतीयों से सहयोग की अपेक्षा

**भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां भारत के प्रवासी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारत के प्रवासी भारत के राजदूत हैं और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में अब भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं।

इस सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी यह कहते हुए दिखाई दिए कि नए वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुठ्ठी में लेने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया, जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों में रहा है तथा यह एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्त्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्त्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स , जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निःसंदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक



8.2 फीसदी रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रूझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन व डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं। भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। जिन सुधारों से विदेशी निवेशक आकर्षित हुए हैं, उनमें मेक इन इंडिया पहल, आर्थिक उदार नीतियां, जीएसटी, प्रतिस्पर्धी श्रमिक लागत और रणनीतिक प्रोत्साहन, कई सेक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, स्टार्टअप फंडिंग के लिए एंजेल टैक्स खत्म होना, विदेशी कंपनियों के लिए कारपोरेट टैक्स में कमी प्रमुख हैं। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से बढ़ने लगा है। कानून के कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एफडीआई के लिए नए रास्ते जैसे अभूतपूर्व कदमों से देश की ओर विदेशी निवेश का प्रवाह तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक एक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई नहीं दिख रहा है। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बना है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही हैं। हम उम्मीद करें कि एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए सरकार और अधिक प्रयास करेगी। नए वर्ष 2025 में भारत की विशाल कौशल प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। वर्ष 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफडीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नए दौर के अनुरूप शिक्षण प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफडीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इससे देश को 2047 तक विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ने में भी मदद मिलेगी।

सामरिक शक्ति

योगेश कुमार गोयल



# समुद्र में दुश्मनों के लिए अदृश्य खतरा है आईएनएस सूरत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 जनवरी को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में जिन तीन युद्धपोतों को भारतीय नौसेना में कमीशन किया, उनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'आईएनएस सूरत'। यह युद्धपोत न केवल भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की शक्ति और सामरिक क्षमताओं को भी प्रदर्शित करेगा। इसकी उन्नत तकनीक, स्वदेशी निर्माण और तेज निर्माण प्रक्रिया इसे विशेष बनाते हैं। आईएनएस सूरत का निर्माण और संचालन भारतीय नौसेना के लिए एक ऐसा नया युग लेकर आया है, जो भविष्य में देश की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। वास्तव में आईएनएस सूरत केवल एक युद्धपोत नहीं है बल्कि भारतीय नौसेना के भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक है, साथ ही भारत के आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वय का प्रतीक भी है। इसके सफल संचालन से भारतीय नौसेना अन्य आधुनिक युद्धपोतों और प्रणालियों के विकास की ओर अग्रसर होगी। आईएनएस सूरत को पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें इको-फ्रेंडली प्रौद्योगिकियों और ईंधन दक्षता को प्राथमिकता दी गई है। यह युद्धपोत न केवल ताकतवर है बल्कि समुद्री पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार है। आईएनएस सूरत स्वदेशी रूप से निर्मित फ्रंटलाइन युद्धपोत और गाइडेड मिसाइल विध्वंसक जहाज है, जिसे अत्याधुनिक तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से लैस किया गया है। इस युद्धपोत को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के रडार से बचकर उस पर सटीक हमला भी कर सके।

इसके उन्नत स्टील्थ फीचर्स और उन्नत रडार सिस्टम इसे समुद्र में एक अद्वितीय ताकत बनाते हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोतों में चौथा और परियोजना-15बी के तहत निर्मित विध्वंसक पोतों की श्रृंखला का अंतिम पोत है। इस युद्धपोत का नाम गुजरात के सूरत शहर के नाम पर रखा गया है, जो अपने व्यापार और औद्योगिक समृद्धि के लिए प्रसिद्ध है। आईएनएस सूरत में सतह से हवा में मार करने वाले दो वर्टिकल लांचर हैं, जिनसे एक बार में 16 ब्रह्मोस मिसाइलें दागी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें रॉकेट लांचर और टॉरपीडो लांचर भी हैं, जो दुश्मन की पनडुब्बियों को नष्ट करने में सक्षम हैं। संयुक्त गैस और गैस प्रणोदन प्रणाली से संचालित यह युद्धपोत चार गैस टर्बाइनों से लैस है। समुद्री परीक्षणों के दौरान इसने 30 नॉट्स (लगभग 56 किलोमीटर प्रतिघंटा) की गति प्राप्त की। उन्नत सेंसर और रडार सिस्टम से लैस यह युद्धपोत किसी भी मौसम में, दिन और रात, दुश्मनों की गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम है। इस पर चेतक, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच), सी किंग और एमएच-60आर हेलीकॉप्टर संचालित किए जा सकते हैं। इसमें इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम और अत्याधुनिक नेविगेशन सिस्टम लगाया गया है, जो समुद्र में सटीक मार्गदर्शन सुनिश्चित करता है। आईएनएस सूरत का समुद्री परीक्षण 15 जून 2024 को शुरू हुआ था और 25 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ। छह महीने से भी कम अवधि में इसने सभी परीक्षण पास कर लिए, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। परीक्षणों के दौरान इसने विभिन्न परिचालन स्थितियों में अपनी क्षमता और विश्वसनीयता को साबित किया। परीक्षणों के दौरान आईएनएस सूरत ने समुद्री सुरक्षा, दुश्मन पनडुब्बियों के खिलाफ ऑपरेशन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों तथा हथियारों की लांचिंग का सफल प्रदर्शन किया। इसमें 30 नॉट्स की गति प्राप्त करने और अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संचालन क्षमता का परीक्षण किया गया। यह युद्धपोत सतह से सतह पर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला कर सकता है। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें इसे दुश्मन के विमानों और ड्रोन के खिलाफ भी सक्षम बनाती हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि और 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह भारत की समुद्री शक्ति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐसा अत्याधनिक यद्धपोत है.

# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित


दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया :

*गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई।*
*गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।*

राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया।

# अर्जुन को अपनी विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित

प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी के एक शिवलिंग की पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

**- संदीप पटेल, धमतरी**

## ट्रेंड

### 'इमर्जेन्सी' के लिए बधाई



'इमर्जेन्सी' जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर फिल्म बनाने के लिए सांसद कंगना रनौत एवं इस फिल्म की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। 'इमर्जेन्सी' के दौर की यादों को इस फिल्म के द्वारा पुनः जीवित करने का प्रयास सराहनीय है।

**-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### विरोधी भी तारीफ करते हैं



बीजेपी ने सरेआम में स्वीकार किया कि दिल्ली में केजरीवाल की ढेरों कल्याणकारी योजनाएं चल रहीं हैं जिसका लाभ बीजेपी वालों के परिवारों को भी मिल रहा है। हमें राजनीति करनी नहीं आती, काम करना आता है। और काम ऐसा करते हैं कि हमारे विरोधी भी उसकी तारीफ़ करते हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### सम्मानित महसूस किया



राष्ट्रपति से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार पाकर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सम्मान मुझे और भी अधिक मेहनत करने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करता है। **-मनु भाकर, ओलंपिक शूटर**

### इस पल को जाने मत दो



यदि आप यह व्यक्त नहीं करने जा रहे हैं कि आप आज वास्तव में कैसा महसूस कर रहे हैं, तो कब? कोई कल नहीं, कोई बीता हुआ कल नहीं.. केवल कुछ ऐसा है जिसे हम 'अभी' कहते हैं इस पल। इसे जाने मत दो..।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# दिवंगत नवलनी के तीनों वकील जेल में डाले गए

रूस के दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का प्रतिनिधित्व कर चुके तीन वकीलों को रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की दमनात्मक कार्रवाई के तहत जेल में डाल दिया गया है। मॉस्को से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेतुस्की शहर की एक अदालत ने नवलनी के वकील रहे वादिम कोबजेव, इगोर सेरगुनिन और एलेक्सी लिपस्टर को साढ़े तीन से पांच साल तक की कैद की सजा सुनायी। उन्हें चरमपंथी संगठनों के साथ संबंध रखने के आरोपों में अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था। नवलनी के नेटवर्क को प्रशासन चरमपंथी गतिविधियां मान



## ऑफ बीट

# ब्यूटी पार्लर में बाल धुलवाने से बीपीएसएस का खतरा

थकान मिटाने, 'फील गुड' करने और बालों की चमक बढ़ाने के लिए लोग अक्सर हेयर स्पा का सहारा लेते हैं। हालांकि, ब्यूटी पार्लर या सैलून में हेयर स्पा की प्रक्रिया के बाद बालों की धुलाई 'ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम' (बीपीएसएस) नाम की एक गंभीर दुर्लभ स्वास्थ्य जटिलता का कारण बन सकती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'बैकवॉश बेसिन' पर एक विशेष कोण पर सिर टिकाकर बैठने या लेटने से न सिर्फ गर्दन में दर्द और चोट की समस्या उभर सकती है, बल्कि कुछ मामलों में व्यक्ति के स्ट्रोक का भी शिकार होने का खतरा रहता है।



## संक्षेप

### बहू की हत्या में सास-ससुर को दस साल की सजा

**मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप, 8 हजार का जुर्माना**

अमन लेखनी समाचार

बांदा, जिले में दहेज हत्या के एक मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को कड़ी सजा सुनाई है। आरोपी पति रविकरण और सास रमदेइया को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा के साथ 8-8 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। मामला जून 2021 का है, जब हमीरपुर की रहने वाली मुन्नी देवी ने थाना जसपुरा में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी सोनी की शादी जसपुरा के खैरी मजरा गांव में हुई थी। दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने उनकी बेटी को प्रताड़ित किया और 3 जून 2021 को उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में धारा 498ए, 304बी, 316 भादवि और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। तत्कालीन क्षेत्राधिकारी सदर सत्य प्रकाश शर्मा की जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। लोक अभियोजक विजय बहादुर सिंह और उमाशंकर पाल की प्रभावी पैरवी, साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी देवेन्द्र सिंह और पैरोकार आरक्षी वीरप्रताप के प्रयासों से दोषियों को सजा दिलाई जा सकी। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस के ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ अभियान के तहत की गई, जिसका उद्देश्य अपराधियों को कड़ी सजा दिलाना है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत यह एक महत्वपूर्ण सफलता है।

### ड्यूटी के दौरान नशे में फायरमैन का हंगामा

**गजरौला फायर स्टेशन में कार्यरत है कर्मचारी, मेडिकल में पुष्टि के बाद निलंबित**

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, गजरौला फायर स्टेशन में एक फायरमैन द्वारा शराब पीकर किए गए हंगामे का मामला सामने आया है। फायरमैन विशाल नागर ने रविवार की रात को शराब के नशे में फायर स्टेशन परिसर में जमकर उत्पात मचाया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर अन्य विभागीय कर्मचारी भी बाहर आ गए और उन्होंने फायरमैन को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। फायर स्टेशन ऑफिसर (एफएसओ) अनिल कुमार सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विशाल नागर को गजरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां मेडिकल जांच में उनके शरीर में अल्कोहल की पुष्टि हुई। इस घटना की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई, जिसके बाद फायरमैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, विशाल नागर वर्ष 2000 बैच के फायरमैन हैं और महज 13 अगस्त 2024 को ही गाजियाबाद से गजरौला फायर स्टेशन में स्थानांतरित होकर आए थे। ड्यूटी के दौरान शराब का सेवन करना और कार्यालय में अशांति फैलाना गंभीर अनुशासनहीनता का मामला माना गया, जिसके चलते विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है।

# दर्जनों ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से रास्ता बनवाने की किया मांग

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के पिपरिया चौराहे से चमारनपुरवा होते हुए नवाबबंगला तक गुजरने वाले कच्चे रास्ते को सुद्दढ कराये जाने को लेकर आज दर्जनों ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जल्द सड़क सही कराने की मांग किया है।

ग्राम पंचायत डल्लापुरवा के मजरा तेलियनपुरवा निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते को बनाने के लिए हम लोग अरसे से शासन प्रशासन से मांग कर रहे हैं किंतु बाढ़ प्रभावित क्षेत्रीय लोगों का कोई यथोचित समाधान नहीं हो पाया है। इस रास्ते से कई ग्रामों की लगभग तीस हजार से अधिक आवादी का प्रतिदिन का आना जाना रहता है। बाढ़ वर्षा जैसी परिस्थितियों मे इस रास्ते से चौपाया वाहनों का निकलना दूभर होता है जिससे मरीजों का समुचित इलाज आदि नही हो पाता है। बच्चे विद्यालय नही जा पाते। गांव निवासी भाजपा कार्यकर्त्ता शारदा प्रसाद शुक्ला ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सड़क बनाने हेतु कई बार अवगत कराया गया किन्तु अभी तक कोई संज्ञान नही लिया गया है। इस कच्चे मार्ग के कारण इस क्षेत्र के कई गांव अभी भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस क्षेत्र के विकास हेतु इस कच्चे मार्ग का बनाया जाना अति आवश्यक है। वहीं मांगकताओं मे कन्धईलाल पाण्डेय, कनौजीलाल मिश्रा, हरिओम शुक्ला, ननकूसिँह, हरिराम निषाद, संजय आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## प्रधान प्रतिनिधि ने रामलीला मंचन का फीता काटकर किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया बाजार में शीतकालीन रामलीला नाट्य मंचन के कार्यक्रम का ग्रामप्रधान प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया शुभारम्भ। नाट्य मंचन क्रमशः नारद मोह से शुरू हुआ। मंचन कलाकारों ने भब्यतापूर्ण व अद्भुत कलाकारी से उपस्थित दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। जिससे सभी ने मंचन कलाकारों की प्रशंसा की। वहीं आयोजनकताओं का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम मे गांव के गणमान्य लोगों सहित काफी संख्या मे दर्शकगण व नाट्य कमेटी कार्यकर्त्तागण मौजूद रहे।

# जंगल के भीतरी भागों में लकड़ी बटोरने, मवेशी चराने और शौच करने के लिए न जाएं ग्रामीण: लखमानी

**हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु ग्रामीणों को किया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार




मोतीपुर, बहराइच। फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर से कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग की कतर्नियाघाट रेंज के घोसियाना कुरकुरी कुआँ गाँव में एक कार्यशाला का आयोजन कर ग्रामीणों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के मुखिया बीडी लखमानी ने कहा कि जंगल के भीतरी भागों में लकड़ी बटोरने, मवेशी चराने और शौच करने के लिए न जाएं, अपने घर के आसपास की झाड़ियाँ साफ रखें जिससे कि तेंदुए को घात लगाने का मौका न मिले, रात के समय अपने घर के आसपास रोशन अवश्य रखें, प्रातः भोर एवं शाम को समूह में निकलें एवं अपने साथ टॉर्च और डंडा अवश्य रखें, जंगल से थोड़ी दूरी बनाकर ही गन्ना बोएँ, गन्ने के खेतों की ओर जाना हो तो समूह में शोर मचाते हुए जाएं, गन्ने के खेतों की ओर बच्चों को कदापि न जाने दें। इस अवसर पर अशरफ अली व बड़ी संख्या में गाँव के पुरुष, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु आरएफओ को सांसद ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। अब्दुल्लागंज रेंज क्षेत्र उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मिलीं जानकारी के मुताबिक जनपद बहराइच के अब्दुल्लागंज रेंज में अपनी सेवाएं दे रहे पंकज साहू (वन क्षेत्राधिकारी) के तैनाती समय से कार्यक्षेत्र में अवैध लकड़ी तस्करो कों पकड़ने, लकड़ी बरामद करने, संरक्षित पशु-पक्षियों का शिकार करने वाले 10 से ज्यादा नेपाली-भारतीय शिकारियो -लकड़कट्टो को जेल पहुंचाने, नर्सरी और पौधरोपण, वनो की सुरक्षा सहित विभिन्न उल्लेखनीय योगदान के लिए लोकप्रिय सांसद बहराइच डॉ आनंद गोंड ने अब्दुल्लागंज रेंज में भ्रमण के दौरान वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू के अतुलनीय कार्यो को देखते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।वन क्षेत्राधिकारी अब्दुल्लागंज पंकज साहू ने बताया है कि 20 जून (2023) तैनाती समय से अधिकारियो-कर्मचारियों व क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ समन्वय गश्त कर अपराधियों पर लगाम कसने एवं सरकार द्वारा समय-समय चलाई गई योजनाओं कों धरातल पर शत-प्रतिशत पहुंचाने हेतु अलंकृत किया गया है। सम्मान मिलने से जिम्मेदारी और बढ़ गई है। इस अवसर पर अधीनस्थ कर्मचारियों सहित स्थानीय ग्राम प्रधान, समाजसेवियो ने शुभकामनाएं भेंट की।

# फौजी हत्याकांड के दोषी की मौत

**सुल्तानपुर जेल में उम्रकैद बंदी के सीने में उठा था दर्द, रिपोर्ट का इंतजार**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, जेल में फौजी हत्याकांड के दोषी 76 वर्षीय सत्यनारायन सिंह की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सत्यनारायन को करीब साढ़े तीन साल पहले फौजी अजय प्रताप सिंह की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। जेल प्रशासन के अनुसार, सुबह सत्यनारायन की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत थी। तुरंत उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

यह मामला वर्ष 2009 का है, जब कोतवाली नगर के रामनगर कोर्ट में फौजी अजय प्रताप सिंह की हत्या कर दी गई थी। लंबी सुनवाई के बाद 30 सितंबर 2021 को अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रथम ने सत्यनारायन को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा के साथ एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया था। मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और शव को देखकर रो पड़े। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृत्यु के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

## गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक ने बालिका को मारी टक्कर, बालिका गंभीर

**जनपद मे ओवरलोडिंग से जनजीवन बेहाल, कब होगी कार्यवाही**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच ।जनपद बहराइच के थाना खैरीघाट क्षेत्र अंतर्गत रामपुर टेपरी मार्ग से रामपुर चौराहे पर दवा लेने जा रही 11 वर्षीय बालिका को गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक ने सोमवार शाम को टक्कर मार दी, जिससे बालिका लहूलुहान होकर बेशुध हो गई। उसके सिर में गंभीर चोटे आई हैं जिसका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बच्ची की माँ ने बताया कि मै बीमार रहती हूँ, काफी गरीब हूँ, मेरी ही दवा लेने बच्ची जा रही थी कि तभी हादसा हो गया। वहीं चौकी प्रभारी बैबाही ने बताया कि मौखिक सूचना पर मैंने ट्रक चालक को दबोच लिया है। उपरोक्त मे दवा इलाज कराने की शर्त पर चोटिल ग्यारह वर्षीय गुलब्बो पुत्री मोंगरे निवासी कुर्मिनपुरवा दा0 अरनवा का दवा इलाज करवाने आदि पर समझौता हो गया है। वहीं एक ओर जनपद भर मे ओवरलोडिंग का तांडव साफ परिलच्छित हो रहा है। आखिर क्यों प्रशासन इन पर अंकुश लगाने मे नाकाम है।

# तीन मंदिरों में तोड़ी गईं मूर्तियां

**सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश, पुलिस ने नई प्रतिमाएं स्थापित करवाईं**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में रात कुछ अराजक तत्वों ने तीन मंदिरों में तोड़फोड़ कर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। कोतवाली देहात क्षेत्र के हरीपुर बनवा गांव में स्थित तीन अलग-अलग मंदिरों से एक हनुमान जी की मूर्ति और दो शिवलिंगों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सुबह जब हरीपुर चौराहे पर स्थित मंदिर में पूजा के लिए गांव के हरिनाथ पहुंचे, तो उन्होंने बजरंगबली की मूर्ति को क्षतिग्रस्त पाया। इसी दौरान पास के एक अन्य मंदिर में शिवलिंग भी टूटा मिला, जिसे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। दिखौली मोड़ पर स्थित 20 वर्ष पुराने शिवमंदिर में भी शिवलिंग खंडित मिला। घटना की सूचना मिलते ही सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम और देहात कोतवाल सत्येंद्र सिंह पूरी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूर्व प्रधान रिंकू यादव के सहयोग से तत्काल दो नए शिवलिंग और एक नई हनुमान प्रतिमा की स्थापना की गई। पुलिस ने सद्भावना का परिचय देते हुए मंदिरों में लड्डू का प्रसाद भी वितरित किया। ग्रामीणों ने इस घटना को सनातन धर्म का अपमान बताते हुए दोषियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# 200 गज प्लॉट के लिए मासूम भतीजी को मार डाला

**चाचा-चाची ने 5 साल की बच्ची को पहले पीटा, फिर दबा दिया गला**

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, चाचा-चाची ने मात्र 200 गज प्लॉट के लिए अपनी पांच साल की इकलौती भतीजी की हत्या कर दी। हत्यारोपियों ने घटना को छुपाने के लिए मासूम की सीढ़ियों से गिरने से मौत होने की जानकारी दी। जब पुलिस ने मासूम का पोस्टमार्टम कराया तो चौंकाने वाली बात सामने आई। मासूम को पहले बेरहमी से पीटा गया। इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या की गई। पुलिस ने चाचाझचाची को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ममाला मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव पत्थरकुटी का है। रात गांव निवासी जसपाल की 5 साल की मासूम बेटी खुशबू की मौत हो गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जमा हो गई थी। साथ ही पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मासूम के चाचा लोकेश पुत्र मंगलू और चाची राजिया ने पुलिस को बताया था कि खुशबू छत की सीढ़ियों से गिर गई थी। जिससे इसकी मौत हो गई। लेकिन पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा था। इसलिए शव का पोस्टमार्टम कराया। पीएम रिपोर्ट में मारपीट के बाद गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई। इसके बाद शनिवार को पुलिस ने चाचा चाची को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की बात कुबूल की। सर्किल सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया मासूम बच्ची के दोनों हत्यारोपी चाचा चाची को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेजा गया है। मासूम के माताझपिता आज से करीब चार वर्ष पहले मासूम को गांव में अकेली छोड़कर कहीं चले गए थे। गांव वालों की माने तो पहले मासूम की मां चली गई थी। इसके बाद पत्नी के जाने के गम में मासूम का पिता भी गांव छोड़कर चला गया। इसके बाद मासूम अपने चाचा चाची के पास ही रहती थी। मासूम के चाचा चाची की नजर मासूम के पिता के 200 गज प्लॉट पर थी। इसी प्लॉट को कब्जाने के लिए दोनों ने मिलकर मासूम की हत्या कर दी। साथ ही हत्या की घटना को छुपाने के लिए मासूम को घर की सीढ़ियों से गिरने से मौत की अफवाह फैला दी।

# कपड़ा व्यापारी हत्याकांड में 2 आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस से मुखबिरी का शक होने पर की थी हत्या**

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, कपड़ा व्यापारी नासिर खान उर्फ लालू की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से दो तमंचे बरामद किए गए हैं। एसपी केजी सिंह के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी आमिर और फुरकान ने पूछताछ में बताया कि उन्हें शक था कि नासिर ने ही पुलिस को उनके बारे में जानकारी दी थी। घटना 10 जनवरी की है, जब आरोपियों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत नासिर को क्लीयर शरीफ जाने का बहाना बनाकर महिंद्रा एक्सयूवी 300 में बिठाया। गाड़ी में पहले से ही पेट्रोल रखा हुआ था। फुरकान गाड़ी चला रहा था और आमिर पीछे बैठा था। छिजारसी टोल से पहले आमिर ने नासिर के सिर में गोली मार दी। इसके बाद दोनों आरोपी शव को दिल्ली-मुरादाबाद न्यू हाईवे पर ले गए, जहां निमार्णाधीन पुल के पास कच्ची पटरी पर शव को उतारा। पहचान छिपाने के लिए मृतक के चेहरे और शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जांच में पता चला है कि मृतक नासिर का राशिद गैंगस्टर केवल वाला और हाशिम उर्फ बाबा जैसे अपराधियों से भी संपर्क था। फुरकान का भाई इरफान फिरौती के एक मामले में जेल में है, जिसे लोधी स्पेशल सेल दिल्ली ने गिरफ्तार किया था।

इसी के चलते आमिर भी पुलिस के डर से फरार हो गया था, जिससे उसका कारोबार प्रभावित हुआ था।

## सुल्तानपुर में नए डीएम कुमार हर्ष ने संभाला कार्यभार

**पर्यटन और उद्योगों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, नए जिलाधिकारी आईएएस कुमार हर्ष ने पदभार ग्रहण कर लिया। लंबे समय बाद जिले को पुरुष डीएम मिला है। अपराह्न 3 बजे के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक और मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह व वैशाली चोपड़ा ने उनका स्वागत किया। नए डीएम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप पर्यटन और उद्योगों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अयोध्या परिक्षेत्र में होने के कारण जिले का चौमुखी विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कार्यालय के सभी पटलों का निरीक्षण भी किया। देर रात हुए तबादलों में पूर्व डीएम कृतिका ज्योतसना को लखनऊ स्थानांतरित कर कुमार हर्ष को सुल्तानपुर का प्रभार सौंपा गया। पूर्व डीएम के कार्यकाल में बल्दीराय और कुड़वार में विवाह घोटाला सामने आया था, जिसमें विवाहित महिलाओं का पुनर्विवाह करा दिया गया। 3 सदस्यीय जांच समिति ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को दोषी पाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा जल जीवन मिशन के एक्सईएन की हत्या के मामले में भी योजना में चल रहे कथित घोटाले की जांच नहीं हो सकी।

इन मुद्दों से निपटना नए डीएम के लिए बड़ी चुनौती होगी।

# पीएम मोदी की स्वामित्व योजना का बड़ा फायदा

**बांदा में 600 ग्रामीणों को मिले घरौनी कार्ड, बैंक लोन-सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ**

अमन लेखनी समाचार



बांदा, मेडिकल कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 600 ग्रामीणों को घरौनी (प्रॉपर्टी कार्ड) का वितरण किया गया। यह वितरण प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के 50 हजार गांवों में डिजिटल माध्यम से किए जा रहे 65 लाख प्रॉपर्टी कार्ड वितरण कार्यक्रम का हिस्सा था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद ने बताया कि इस योजना का सबसे बड़ा लाभ उन लोगों को मिला है, जिनके पास वर्षों से अपने मकान के कोई कानूनी दस्तावेज नहीं थे। अब इन दस्तावेजों के आधार पर ग्रामीण बैंक से लोन ले सकेंगे और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। स्वामित्व योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी आवासीय संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करना है। इससे वे अपनी संपत्ति का बेहतर उपयोग कर सकेंगे और विभिन्न वित्तीय सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर मंडल आयुक्त सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### गाजियाबाद में बंद मकान में 20 लाख की चोरी

**वारदात के समय शादी समारोह में गया था परिवार, लौटने पर हुई जानकारी**

संवाददाता

गाजियाबाद, चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़कर 20 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित परिवार अपने मकान का ताला लगाकर शादी समारोह में गया था। जब मकान मालिक दोनों भाई दिल्ली से शादी से अपने घर लौटे तक चोरी की जानकारी हुई। कोतवाली थाने में चोरी की तहरीर दी गई है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में 2 युवक कैद हुए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के अर्जुन नगर निवासी मुकेश कुमार और दिनेश परिवार के साथ रह रहे हैं। पीड़ित मुकेश कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को वह अपने भाई दिनेश और अन्य परिवार वालों के साथ दिल्ली में अपनी मौसेरी बहन की शादी में गए थे। शुक्रवार को जब वह अपने मकान में पहुंचे तो मकान का मेन गेट का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो रुम के भी ताले टूटे थे। अलग अलग दरवाजों के लॉक टूटे मिले। सेफ का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर सेफ में रखे 2.5 लाख रुपये, करीब 18 लाख रुपये की जवेलरी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि लोहे की रॉड लिए दो चोर कैमरे में कैद हुए हैं। चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस लगी है।

### बिजली विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा

**मेरठ में हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग के लिए 3 लाख की रिश्वत, वीडियो वायरल**

संवाददाता

मेरठ, मवाना में बिजली विभाग के एक बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। मवाना सब डिविजन के सामने स्थित एक अवैध कॉलोनी में बने मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने के लिए विभाग के अधिकारियों ने 3 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह पूरी घटना मोबाइल कैमरे में कैद हो गई। घटना 20 दिसंबर की है, जब बिजली विभाग के ठेकेदार प्रमोद ने बिना किसी आधिकारिक स्टेटमेंट के हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट कर दिया। विभाग के ही कुछ कर्मचारियों ने रिश्वत लेने की यह घटना रिकॉर्ड कर ली। रिश्वत की राशि के बंटवारे को लेकर विवाद होने पर कर्मचारियों ने यह वीडियो उच्च अधिकारियों को दिखा दिया। मामले को दबाने का प्रयास किया गया और ठेकेदार प्रमोद के खिलाफ कंकरखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया। हालांकि, कुछ दिनों बाद ही अधिकारियों ने थाने में जाकर सेटिंग कर मामले में फाइनल रिपोर्ट लगवा दी। घटना के 5 दिन बाद स्टेटमेंट बनाकर अधिकारियों ने अपना बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन देरी से बने स्टेटमेंट ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की गई है। वीडियो सार्वजनिक होने के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और अधिकारी बचाव की मुद्रा में आ गए हैं।

# भारत रत्न खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान की पुण्यतिथि मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर , समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के साथ महानगर पूर्व सचिव आफताब अहमद एवं पूर्व पार्षद अभिमन्यु मौर्य के नेतृत्व में एशियन सहयोगी संस्था अनाथ बच्चों के साथ महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान जी की पुण्यतिथि मनाया गया और बच्चों में फल एवं मिठाइयां व भोजन वितरण किया गया वितरण किया गया आफताब अहमद ने कहा अब्दुल गफ्फार खान का जन्म 6 फरवरी 1890 को ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के पेशावर के पास एक पश्तून मुस्लिम परिवार में हुआ था. आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों से तायनाएं सहने के बाद पश्तूनों के हक की लड़ाई लड़ी और पाकिस्तान के जेलों में कई साल तक



कैद रहे. साल 1987 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मानै भारत रत्नै से नवाजा. इसके कुछ ही महिनों बाद उनकी मौत हो गई. आइए जानते हैं पुण्यतिथि पर पाकिस्तान के बादशाह खानै की कहानी, जिनकी रगों में आखिरी वक्त तक भारत ही बसा हुआ था.सीमांत गांधी' के नाम से मशहूर खान अब्दुल गफ्फार खान को दुनिया को अलविदा कहे 35 साल हो गए हैं. खान अब्दुल गफ्फार खान और महात्मा गांधी एक दूसरे के बहुत करीब थे. दोनों ने मिलकर मुल्क में गंगा-जुमनी तहजीब और हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए काम किया था. फ्रंटियर गांधी ने भारत की आजादी की लड़ाई के वक्त वर्तमान पाकिस्तान के किसी भी नागरिकों की तुलना में अंग्रेजी हुकूमत में सबसे ज्यादा जेल और यातनाएं सही. भले ही उनका सियासी सफर पहली बार आगरा में 1913 में हुए मुस्लिम लीग के इजलास से हुआ हो, लेकिन वे 1940 के लाहौर प्रस्ताव और भारत से अलग होकर नया मुल्क पाकिस्तान बनाने के सख्त खिलाफ थे इस मौके पर पूर्व पार्षद अभिमन्यु मौर्य, ध्रुव त्रिपाठी, मनोज सिंह, इम्तियाज अहमद, आफताब अहमद, सत्य प्रकाश जायसवाल, अनूप यादव, सोनू अली, मोहम्मद नदीम, हिमालय कुमार, आदिल उपस्थित रहे।

# विश्व आयुर्वेद परिषद गोरखपुर के तत्वाधान में आयुस मेडिकेयर विश्व-मंगल-दिवस का आयोजन




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सर्वप्रथम भगवान धन्वन्तरि का माल्यार्पण एवं पुजन करके प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में विश्व आयुर्वेद परिषद गोरखपुर के अध्यक्ष 510 वी के गौड एवं सचिव-डा0 शिवजी शर्मा ने काल्या कि हर वर्ष मकर संक्राप्ति के अवसर पर विश्व-मंगल-दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें बताया गया कि आहार- बिहार का पालन करके स्वाथ्य रहा जा सकता है। आयुर्वेद एक प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है। जिसका घुल उद्देश्य मनुष्य के शारिरीक, मानसिक एवं आतमिक स्वास्थ को संतुलित करना है। वैध का मुख्य उद्देश्य नेगी के स्वाथ्य का सर्वधन होना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सा की सफलता के लिए इसके मूल सिद्धान्त. विनयता, समर्पण और सेवा का पालन करना चाहिए। इस आसर पर तनुचर्थी पर डा० कमलेग पाण्डेय ने विस्तार से बताया एवं 500 एक एम. मिश्रा ने सोरायसीस ( अपरस ) के बारे में अपने विचारो से सभी चिकित्साको का ज्ञान वर्णन किया।

## गोरखपुर आरटीओ संजय कुमार झा लगातार हो रहे सड़क हादसे पर दी विशेष जानकारी

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा क्षेत्र के गीडा सेक्टर 22 स्थित आरटीओ ऑफिस के आरटीओ संजय कुमार झा ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि इस भयावक ठंडी में तेज कोहरो को देखते हुए कहा कि यातायात के नियमों का प्रत्येक व्यक्तियों को पालन करना चाहिए खास करके विशेष आवश्यकता हो तभी घर से बाहर निकले सड़कों पर चलते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें हेलमेट जरूर लगाए और अपने जीवन को और अपने आप को सुरक्षित रखें उन्होंने कहा लगातार सड़क हादसे को देखते हुए गोरखपुर आरटीओ के द्वारा लोगों के बचाव के लिए तमाम तरह से लोगों के लिए अनेकों प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। और लोगों से अपील भी किया जा रहा है कि आप लोग सावधानीपूर्वक वाहन को चलाएं जिससे आप सभी लोग सुरक्षित रहें।

## विकासखंड में अमौली प्रधान द्वारा कंबल वितरण की की गई प्रथम पहल

**निजी धन से कंबल वितरण कर सैकड़ों लोगों का लिया आशीर्वाद**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। भीषण ठंड से निजात देने हेतु जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अमौली ग्राम प्रधान ने कंबल वितरण कर एक सैकड़ा से अधिक असहाय महिला पुरुष बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुनः निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता का ग्राम प्रधान द्वारा भव्य स्वागत किया गया वहीं मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर ने समूचे ग्राम पंचायत से चिन्हित किए गए गरीब असहाय विकलांग मजदूर महिला बुजुर्गों को भीषण ठंड से निजात दिलाने का सराहनीय प्रयास करते हुए कंबल प्रदान किए समूचे कार्यक्रम का संयोजन ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर एवं वर्तमान ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर द्वारा किया गया जहां विकासखंड में कंबल वितरण की शुरूआत करते हुए अपनी निजी धन से एक सैकड़ा से अधिक लोगों को कंबल भेंट किया मिली जानकारी के अनुसार विगत वर्ष भी लगभग पांच सैकड़ा से अधिक लोगों को समाजसेवी ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर के द्वारा कंबल वितरण किए गए थे कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कंबल भेंट कर सभी लोगों को उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी इस मौके पर रवी दुबे अर्जुन सोनकर राजेश सोनकर अनिल सोनकर जीवनलाल काजू सेठ सुरेश सोनकर समेत भारी संख्या में स्थानीय एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे

## तहसील समाधान दिवस में कुल 68 मामले आए, 6 का हुआ निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन उपजिला अधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस समाधान दिवस में तहसील के दूरदराज से आए हुए फरियादियों ने कल 68 आवेदन दाखिल किया ,जिसमें राजस्व के 30 पुलिस के 9 विकास के 6 स्वास्थ्य के एक अन्य 22 मामले रहे ।तत्काल 6 का निस्तारण किया गया शेष को जिस विभाग के मामले थे उस विभाग के अधिकारियों को सौप दिया गया और निर्देशित किया गया कि इस मामले की जांच करके जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। इस मौके पर तहसीलदार राकेश कुमार कनौजिया ,नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह ,कानूनगो , लेखपाल एवं तहसील के हर विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# पुलिस ने गोतस्कर को गोली मारी

- गाजियाबाद में गैंग बनाकर रात में करता था गोकशी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, पुलिस ने एनकाउंटर में गो तस्कर को गोली मारी है। पुलिस ने मुठभेड़ में फरार चल रहे गोतस्कर को पैर में लगी गोली मारकर गिरफ्तार किया है।भोजपुर पुलिस ने बताया गोकशी के आरोप मे फरार चल रहे युवक को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस का एक जवान भी गोली लगने से बाल बाल बच गया। गो तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

मुठभेड़ में पकड़ा गया मेहताब शातिर गौ तस्कर है, जो गैंग बनाकर भोजपुर थाना क्षेत्र में लगातार गोकशी कर रहा था। एक के बाद एक मुठभेड़ कर पुलिस ने अपराध करने वालों की कमर तोड़ रही है। भोजपुर में पट्टी से तिबड़ा जाने वाले रास्ते पर स्थित जंगल



में यह मुठभेड़ हुई। पुलिस पूछताछ में गो तस्कर ने अपना नाम महताब पुत्र तौसीफ निवासी कलछीना थाना भोजपुर गाजियाबाद बताया है। महताब पर गोकशी एवं गैंगस्टर समेत 8 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश ने बताया कि इस गैंग में जो अन्य लोग हैं उनकी तलाश के लिए भी दबिश दी जा रही है, मेहताब के पास से एक तमंचा, पशु काटने का चाकू, रस्सी और अन्य सामान बरामद हुआ है।

# एसिड-पेट्रोलियम जेली से बना दूध-पनीर कर रहे थे सप्लाई

**बुलंदशहर से दिल्ली-एनसीआर भेज रहे थे, हजारों क्विंटल स्टॉक जब्त**

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, खाद्य सुरक्षा को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। यहां से दिल्ली-एनसीआर समेत कई शहरों में जहरीला दूध और पनीर की सप्लाई की जा रही है। जांच में पता चला है कि मिलावटखोर एक अज्ञात एसिड का इस्तेमाल कर पनीर बना रहे हैं, जबकि दूध में पेट्रोलियम जैली मिलाई जा रही है। यह जानलेवा खाद्य पदार्थ न सिर्फ दिल्ली-एनसीआर, बल्कि मेरठ, हापुड़, नोएडा, गुरुग्राम और अलीगढ़ जैसे शहरों में भी पहुंच रहा है। रोजाना लाखों लीटर मिलावटी दूध और हजारों क्विंटल नकली पनीर की खपत हो रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के रासायनिक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन आंतों, लीवर और किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। यह मामला खाद्य सुरक्षा और जन स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। इस खतरनाक खेल में शामिल मिलावटखोरों द्वारा लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह सफेद जहर धीरे-धीरे लोगों के स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है। कैसे तैयार हो रहा है पनीर को बनाने के लिए केमिकल दूध का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसे बनाने के लिए रिफाइंड पामोलियन, सोडा, हाइड्रोजन प्रोक्साइड से तैयार हो रहा था। इसके बाद एक अज्ञात केमिकल ( जोकि एसिड है ) से इसे फाड़कर पनीर बनाया जा रहा था। दूध बनाने के लिए भी खतरनाक केमिकल उपयोग में लाए जा रहे थे। दूध को बनाने के लिए रिफाइंड पामोलियन, सोडा, हाइड्रोजन प्रोक्साइड में पेट्रोलियम जेली मिलाकर उपयोग किया जा रहा था। पेट्रोलियम जैली बहुत खतरनाक पदार्थ होता है। इमामुद्दीन की खंगाली जा रही हिस्ट्रीशीट खुर्जा के अरनिया थाना क्षेत्र के गांव डावर में स्थित आरके डेयरी पर इसे तैयार किया जा रहा था। डेयरी मालिक मोहम्मद इमामुद्दीन की हिस्ट्रीशीट को अब प्रशासन द्वारा खंगाला जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि डेयरी मालिक इमामुद्दीन पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। वह काफी समय से दुग्ध उत्पादों में मिलावट खोरी के काम में लिप्त है। जिले में तैयार किया जा रहा सफेद जहर दिल्ली एनसीआर में खुलेआम परोसा जा रहा है। यहां केमिकल से तैयार किया जा रहा सफेद जहर को आमजन तक पहुंचाकर उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गोरखधंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है, बल्कि हर कार्रवाई पर पहले से अधिक बरामदगी की जा रही है। दिल्ली एनसीआर के अलावा मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, नोएडा, अलीगढ़ आदि जनपदों में धड़ल्ले से इसकी सप्लाई की जा रही है। जिला खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सफेद जहर के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले तीन माह में 6 बड़ी कार्रवाई की जा चुकी हैं। इसके बावजूद हर बार पहले से अधिक सफेद जहर की बरामदगी की जा रही है। गुरुवार को हजारों लीटर नकली दूध, नकली पनीर, घी के अलावा कई अन्य दुग्ध उत्पाद बनते हुए पकड़े गए। इससे पहले नगर के लाल तालाब पर हजारों क्विंटल नकली पनीर, स्याना अड्डे पर लाखों लीटर नकली दूध को तैयार करने वाला केमिकल भी पकड़ा गया था।

# डंपर-बाइक की टक्कर से मां-बेटे की मौत

**बुलंदशहर में ससुराल जाते वक्त हुआ हादसा**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, गुलावठी में दोपहर को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। गुलावठी कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर रोड पर काली नदी के पुल के पास यह हादसा हुआ। हापुड़ के गांव पुरानी मोड़ी निवासी 25 वर्षीय सुब्हान अपनी मां आमना ( 50 ) और पत्नी हिना के साथ स्याना के पास स्थित गेसूपुर में अपने ससुराल जा रहा था। बाइक ( यूपी37 6403 ) पर सवार तीनों को ओवरटेक करने की कोशिश में डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में डंपर सड़क किनारे खाई में पलट गया और बाइक सवार तीनों लोग गिर गए। सुब्हान और उनकी मां आमना की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल हिना को पहले गुलावठी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था सुचारू कराई। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। सैकड़ों लोग सीएचसी गुलावठी पहुंच गए। चिंताजनक बात यह रही कि सीएचसी में दो सरकारी एंबुलेंस ( 108 नंबर की यूपी 32बीजी9624 और 102 नंबर की यूपी 32ईजी6766 ) मौजूद होने के बावजूद घायल हिना को निजी एंबुलेंस से रेफरल अस्पताल ले जाना पड़ा। एक एंबुलेंस में मृतकों के शव थे, जबकि दूसरी खाली थी

# ग्रेटर नोएडा: केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग



**तीन मंजिला इमारत में फैली, 20 दमकल गाड़ियों ने 3 घंटे में पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 स्थित विन्सा केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में भीषण आग लग गई। उद्योग केंद्र-02 के प्लॉट नंबर 252 पर स्थित इस तीन मंजिला फैक्ट्री की भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल पर रखे केमिकल ड्रम में आग लगने से पूरी बिल्डिंग में आग फैल गई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। यूपी फायर सर्विस और कुछ प्राइवेट कंपनियों की कुल 20 दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री में प्रोडक्ट पैकिंग का काम होता है।

# डीएम दीपक मीणा ने संभाला गाजियाबाद का चार्ज

**जन सुनवाई पहली प्राथमिकता, शासन के चल रहे प्रोजेक्ट को तेजी से बढ़ाएंगे**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, नवागत डीएम दीपक मीणा ने गाजियाबाद का चार्ज संभाल लिया। 16 जनवरी की रात को शासन ने 31 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए थे। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा को गाजियाबाद का डीएम बनाया गया। वहीं गाजियाबाद के डीएम इंद्र विक्रम सिंह का प्रमोशन होने पर उन्हें कृषि विभाग में सचिव बनाया गया है। दीपक मीणा मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। आईआईटी खडगपुर से इलेक्ट्रिकल में बीटेक करने वाले दीपक मीणा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।



वह वेस्ट यूपी के अलीगढ़ में पहली पोस्टिंग पर रहे। उसके बाद झांसी के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रहने के बाद फिर से अलीगढ़ में तैनात रहे। उसके बाद वेस्ट यूपी के बुलंदशहर में ही सीडीओ भी रहे। अलीगढ़ और आगरा में भी मुख्य विकास अधिकारी रह चुके हैं। जून 2019 में उन्हें पहली बार सिद्धार्थनगर का डीएम बनाया गया है। यहां भू माफियाओं पर उन्होंने कार्रवाइ करीं, साथ ही जमीन के अवैध कब्जे करने वालों पर भी कार्रवाई की। दीपक मीणा ने कहा क जन सुनवाई पहली प्राथमिकता है। जो भी पीड़ित व्यक्ति, महिला या बुजुर्ग अपनी समस्या लेकर आते हैं उनकी सुनवाई प्राथमिकता हैं। यहां तक की एसडीएम, एडीएम और सभी विभाग के अधिकारी भी इसे अमल में लायेंगे। शासन की प्राथमिकता वाले प्राजेक्टों को तेजी से बढ़ाया जाएगा। माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मेरठ में पिछले महीने पहली बार मेरठ महोत्सव कराया, जिसमें शासन स्तर पर इस कार्यक्रम को सराहा गया।

# आयोजित खेल प्रतियोगिता में कुश्ती लड़ते प्रतिभागी

## कुश्ती में चांदनी, मांडवी, कुलदीप ने मारी बाजी

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन अलग-अलग भार वर्ग की कुश्ती संग बैडमिंटन एकल व संयुक्त प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर के विजेता खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

### 65 किलो भार में चंदन ने जीत दर्ज की

सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग कुश्ती में 46 किलो भार वर्ग में चांदनी, 49 किलो भार वर्ग में मांडवी सिंह, 45 किलो भार वर्ग में कुलदीप, 48 किलो भार वर्ग में विनय और 51 किलो भार वर्ग में मानक ने बाजी मारी। जूनियर बालक व बालिका वर्ग में 50 किलो भार वर्ग में कोमल प्रजापति, 57 किलो भार वर्ग में अनुराग और 65 किलो भार वर्ग में चंदन यादव ने जीत दर्ज की।

### खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया

बैडमिंटन सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग युगल में रिया और श्रेया तो एकल वर्ग में आराध्या मिश्र, वीर विक्रम सिंह, नितेश शर्मा, विवेक कुमार तो जूनियर वर्ग एकल वर्ग में प्रशांत सिंह व शिवानी और युगल वर्ग में आशुतोष सिंह, रजत, कोमल , श्रेया सिंह विजयी रहे।

सीनियर वर्ग के एकल में शिवेंद्र सोनकर व कंचन मौर्य तो युगल वर्ग में आलोक और कुलदीप ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के बाद एसडीएम अभिनव कनौजिया व जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### प्रतियोगिता के 53 किलो भार बने विजेता

सीनियर बालक व बालिका कुश्ती प्रतियोगिता के 53 किलो भार वर्ग में खुशी सिंह, 57 किलो भार वर्ग में मोहम्मद सुहैब और 61 किलो भार वर्ग में रवींद्र और 65 किलो भार वर्ग में कृष्ण कुमार विजेता बने। सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता में अलग-अलग भार वर्ग में खुशबू, श्रेया, ऋतु, आसमीन, रविकांत यादव और अभय शर्मा ने जीत दर्ज की।

### इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी

युवा कल्याण अधिकारी रागिनी पांडेय, निधि श्रीवास्तव, उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, सचिव जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एसके सिंह, अध्यक्ष जिला बैडमिंटन एसोसिएशन महेंद्र तिवारी, सचिव जिला वालीबॉल एसोसिएशन अमेठी मो. इलियास मौजूद रहे।

# यूरिया से लदे ई-रिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर

## लखनऊ-वाराणसी पर हादसा, चालक गंभीर रूप से घायल





**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी के लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह कमरौली थाना क्षेत्र के रोड नंबर 4 पर सुबह करीब 9 बजे यूरिया की बोरियों से लदा एक ई-रिक्शा अपने गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान लखनऊ से सुल्तानपुर की तरफ जा रहे एक ट्रैक्टर से लदे ट्रक ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उस पर लदी यूरिया की बोरियां सड़क पर बिखर गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही कमरौली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

### एसओ के अनुसार

एसओ अभिनेष कुमार के अनुसार, दुर्घटना के बाद राजमार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात को सुचारू किया। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाओं की ओर ध्यान खींचती है, जहां वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही अक्सर जानलेवा साबित होती है।

# हेलमेट सीटबेल्ट लगाने की अपील अविभावक, नाबालिगों को न दें वाहन

## हादसे रोकने को निकाली जागरूकता रैली

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर गौरा इंटर कॉलेज में कटका क्लब द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के आईटी सेल प्रभारी मोनू यादव ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष एवं गौरा इंटर के प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं के चार प्रमुख कारणों पर प्रकाश डाला।

शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने एक महत्वपूर्ण तथ्य साझा किया कि भारत में विश्व के कुल वाहनों का 10 प्रतिशत है, लेकिन दुर्घटनाओं का प्रतिशत 11 है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना का प्रभाव न केवल पीड़ित व्यक्ति पर बल्कि उसके परिवार, प्रशासन, चिकित्सकों और कानूनी व्यवस्था पर भी पड़ता है।संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख सुरक्षा नियमों जैसे हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग, मान्य ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने, नो पार्किंग नियम का पालन और शराब पीकर वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

### युवाओं को किया जागरूक

सड़क पर अनुशासित ड्राइविंग, मोबाइल का प्रयोग न करने और नाबालिगों को वाहन न देने जैसे नियमों के पालन की अपील की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना था

# किसान ने जिलाधिकारी से की रेलवे ठेकेदार की शिकायत

**किसान का आरोप है कि ठेकेदार उसकी जमीन पर कब्जा कर करवा रहा है निर्माण**

**निर्माण रोकने पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने की दे रहा है धमकी**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के किसान रेलवे ठेकेदार की मनमानी से परेशान है। किसान खेतिहर जमीन पर रेलवे ठेकदार द्वारा कब्जा कर निर्माण कराने से आहत है। किसान ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर कब्जा हटवाने की मांग की है। कस्बे के किसान लीलाधर ने सोमवार को सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत देते हुए बताया कि उसकी खाता संख्या 1305 गाटा संख्या 1160/ 01 में रकबा 2.46 एकड़ एवं 1160/02 में रकबा 0.10 एकड़ कृषि भूमि का भूमिधरी नंबर है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को बताया कि वह अनुसूचित जाति का अति गरीब किसान है। रेलवे कर्मचारी व ठेकेदार उसकी जमीन पर पत्थर लगाकर जबरन कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं। गरीबी के कारण वह न्यायालय जाने में समर्थ नहीं है। प्रार्थी के आसपास के किसानों के खेतों में भी कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित ने अधिकारियों से पैमाइश कराकर रेलवे द्वारा कब्जा की जा रही जमीन को मुक्त कराए जाने एवं खेतों की ओर जाने वाले रास्ते को भी छोड़ने की मांग की है। किसान का आरोप है कि ठेकेदार के इंजीनियर व रेलवे पुलिस धमकाती है कि अगर कब्जा नहीं करने दिया तो उसके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को जांच कराकर निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उपजिलाधिकारी ने किसान को आश्वस्त करते हुए कहा कि रेलवे के अधिकारियों से वार्ता कर नापजोख कराकर मामले का निस्तारण किया जाएगा।

# सांगीपुर -प्रतापगढ राहगीरों के लिए बाधक बन रही है खस्ताहाल सड़के

## सावन का झूला झूलना है तो आए टोड़रपुर उस्मानपुर वाया उमरपुर

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ सांगीपुर कभी प्रतापगढ़ की सड़कें और जनपदों में उदाहरण के लिए मानी जाती थी लेकिन आज उन्हीं सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की समय सीमा खत्म हो गई, पर टोड़रपुर से उस्मानपुर वाया उमरपुर सड़क गड्ढा मुक्त नहीं हो सकी। सरकार के द्वारा जर्जर सड़कों की मरम्मत पर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी गुणवत्ता विहीन ढंग से बनाई गई सड़क जल्द ही जर्जर हो जाती हैं।

टोड़रपुर मुख्य मार्ग से उस्मानपुर वाया उमरपुर सड़क जिसकी लंबाई लगभग 5 किलोमीटर है। गौरतलब हो कि विभाग ने इसे दो खण्डों में विभक्त कर दिया है, प्रथम खंड 2.8 किलोमीटर व दि्वतीय खण्ड 1.8 किलोमीटर, जबकि सड़क एक है,यदि दोनों खण्ड एक हो जांय तो यह ओ. डी. आर. में परिवर्तित हो जायेगी। उच्चीकृत सड़क हो जाने से मरम्मत कार्य व चौड़ीकरण हो जायेगा, और समस्या का समाधान हो जाएगा, जो उबड़-खाबड़ मार्ग में तब्दील है। इस मार्ग से आवागमन में राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लगभग दर्जनों गांव के लोगों का आना-जाना होता है। लोगों ने मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रयागराज/क्षेत्रीय विधायक और मुख्यमंत्री से मांग किया है कि शीघ्र ही इस मार्ग को ओ. डी. आर. में तब्दील करवायें जिससे जनसमस्या दूर हो सके

# शराब ठेके के पास जुंआ खेलते तीन गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के कुंडौरा गांव में पुलिस ने तीन लोगों को जुंआ खेलते हुए दबोच लिया। पुलिस ने इन लोगों से 2160 रुपए बरामद कर रिपोर्ट दर्ज की है। हल्का इंचार्ज दिशांत खोखर ने बताया कि कुंडौरा में शराब ठेके के पास ताश की पत्तों के साथ हार जीत की बाजी लगाकर जुंआ खेलने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर दरियापुर निवासी प्रमोद सिंह व कल्लन सिंह तथा कुंडौरा निवासी संजीव कुमार को जुंआ खेलते हुए मौके से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि फड़ एवं जामा तलाशी में कुल 2160 रुपए बरामद किए गए हैं। इन तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# भरण पोषण से संबंधित मामले का वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा।पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देशन में वारण्टी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मुस्करा पुलिस ने भरण पोषण के थाना खन्ना जनपद महोबा में दर्ज वर्ष 2022 के धारा 128 सीआरपीसी के मुकदमे से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा है। मुस्करा थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त मामले के वारंटी अभियुक्त कृष्ण कुमार पुत्र महेश्वरीदीन निवासी ग्राम चिल्ली थाना मुस्करा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक राम शिरोमणि, कांस्टेबल नीरज शामिल रहे।

# सौ दिवसीय टीबी जांच अभियान के द्दष्टिगत आयोजित हुई गोष्ठी

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। टीबी के खिलाफ जंग के द्दष्टिगत सघन अभियान चलाकर टीबी रोगियों की खोजकर उनकी जांच कराई जाएगी ताकि टीबी को हराया जा सके। इसी उद्देश्य के तहत जिले के मौदहा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान को लेकर एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें साठ वर्ष के अधिक आयु के वृद्ध नागरिक, कुपोषित व्यक्तियों या ऐसे व्यक्ति जो पहले कभी टीबी से ग्रसित रहे हैं और अब ठीक हो चुके हैं और ऐसे व्यक्ति या परिवार जो टीबी के रोगियों के साथ रह रहे हैं, साथ ही डायबिटीज रोग से ग्रस्त मरीजों, एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और धूम्रपान या नशे के आदी व्यक्तियों की जांच की जाएगी। गोष्ठी में सीएचसी अधीक्षक डा. रजत रंजन तिवारी ने बताया कि ऐसे सभी लोगों की जांच और सीने का एक्सरे कराने का अभियान चलाया जा रहा है, जिससे टीबी को हराया जा सके। इस दौरान सीएचसी का पूरा स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, एएनएम सहित स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

# 1800 लीटर संदिग्ध सॉस व 45 लीटर विनेगर को कराया नष्ट

## उन्नाव का एक अवैध सॉस निर्माता द्वारा की जा रही थी सप्लाई

**अमन लेखनी समाचार**





अमेठी सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान सस्ता एवं घटिया संदिग्ध सॉस और चटनी की आपूर्ति होने की खबर मिल रही थी, जिसके कारण काफी समय से जनपद में इसे सप्लाई करने वाले मुख्य कारोबारी को पकड़ने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम लगी हुई थी किन्तु ठोस जानकारी न मिल पाने से अभी तक कारोबारी पकड़ में नहीं आ सका था। आज लगभग 11 बजे जब टीम को एक संदिग्ध वाहन द्वारा सॉस एवं विनेगर सप्लाई होने की जानकारी हुई, तो राजेश द्विवेदी सहायक आयुक्त (खाद्य), जनपद अमेठी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमा शंकर पटेल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर की टीम ने लोदी बाबा मन्दिर के पास वाहनों की जॉच करना शुरू किया। इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोका तो उसमें कई गत्ते वेजिटेबल सॉस और विनेगर सप्लाई हेतु ले जाते हुए पाया गया, जो मौके पर पाए गए बिल के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ जा रहा था। वाहन पर उपस्थित सेल्समैन के पास सप्लाई किए जाने से सम्बन्धित कोई अनुज्ञप्ति या पंजीकरण भी नहीं पाया गया। वाहन पर लदे हुए सॉस के गत्तों पर और कई पीपे पर कुछ भी लिखा हुआ नहीं था कि सॉस किस प्रकार निर्मित किया गया है। बिल पर विनेगर के गत्ते पर उन्नाव के निमार्ता का विवरण दिया हुआ था, जिसकी जॉच करने पर पता चला कि उन्नाव की इस निमार्ता फर्म का लाईसेंस निलंबित है एवं इस दौरान वह किसी भी प्रकार के खाद्य उत्पाद को निर्मित अथवा आपूर्ति नहीं कर सकता है। टीम ने मौके पर ही वेजिटेबल सॉस एवं विनेगर का नमूना लेकर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया तथा लगभग 100 गत्ते में साढ़े चार लीटर के 4 पीपों में रखा लगभग 1800 लीटर संदिग्ध सॉस को एवं 10 गत्तों में 9 बोतल कुल 45 लीटर विनेगर को नष्ट कराया गया। सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने बताया कि टीम की ये कार्यवाही उन सभी कारोबारियों के लिए चेतावनी है जो घटिया और सस्ती सामग्री उपभोक्ताओं को खिला रहे हैं। अच्छा यह होगा कि ऐसे लोग स्वयं ही सुधार कर लें अन्यथा विभाग द्वारा इस पर बहुत सख्ती से निपटा जाएगा।

# समाधान दिवस में नहीं पहुंच रहे ज्यादा फरियादी

**जिम्मेदार मोबाईल फोन में दिखे व्यस्त**

**आई पंद्रह शिकायतें निस्तारण शून्य**

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। माह के तीसरे शनिवार के स्थान पर सोमवार को आयोजित किए गए समाधान दिवस में जानकारी के अभाव में फरियादियों की संख्या नगण्य रही। जिसके चलते अधिकारी भी मोबाईल फोनों में व्यस्त रहे। हालांकि पंद्रह फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायीं लेकिन निस्तारण किसी का भी नहीं हो सका।

मौदहा कस्बे की तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में इस बार मौसम की मार तो नहीं पड़ी लेकिन जानकारी के अभाव के चलते ज्यादा फरियादी नहीं पहुंच सके। मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में माह के तीसरे शनिवार के बजाय सोमवार को समाधान दिवस आयोजित किया था। जिसमें मौसम साफ रहने के चलते पंद्रह शिकायतें तो दर्ज की गई लेकिन निस्तारण किसी का नहीं हो सका। अधिकांश शिकायतें पूर्ति विभाग और राजस्व विभाग से जुड़ी रही। पूर्व सभासद छोटेलाल प्रजापति ने नगरपालिका द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाने के अभियान में भेदभाव करते हुए एक विशेष महिला के मकान के बाहर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल, प्रभारी तहसीलदार महेंद्र गुप्ता सहित सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारी या प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल और पुलिस उपमहानिरीक्षक की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों से कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। तहसील राठ में आज शासन के निदेर्शानुसार आयोजित ₹सम्पूर्ण समाधान दिवस₹ में आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार और पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम मंडलायुक्त द्वारा पूर्व में आयोजित समाधान दिवस की समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त हुई की 37 पुराने प्रार्थना पत्रों में से सिर्फ 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया था जो कि 32 प्रार्थना पत्र पेंडिंग थे जिस पर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी तीन दिनों के अंदर सारे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्ता युक्त किया जाए निस्तारण करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए प्रार्थी को अवश्य सुना जाए समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों से कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों के सामने रखी गई जिस पर मंडलायुक्त ने अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। खासतौर पर जमीनी विवादों के मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शीघ्र समाधान करने की बात कही गई।आयुक्त ने इस दौरान कहा कि जमीनी विवादों के मामलों में अत्यधिक देरी से लोग परेशान होते हैं, इसलिए इसे प्राथमिकता पर हल किया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, अपर जिलाधिकारी हमीरपुर, उप जिलाधिकारी राठ, क्षेत्राधिकारी राठ सहित कई अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इलाज कराने गई वृद्धा के घर का ताला तोड़ कर नकदी सहित जेवरात हुए चोरी

**पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर की चोरी के खुलासे की मांग**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। इलाज कराने गई वृद्धा के घर का ताला तोड़ कर चोर नकदी सहित जेवरात चोरी कर फरार हो गए। वृद्धा ने तहरीर देकर चोरों को पकड़ने के साथ माल बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

सुमेरपुर कस्बे के वार्ड नंबर 13 निवासी रज्जन देवी ने बताया कि बीमारी के चलते वह इलाज कराने के लिए कानपुर गई हुई थी। तभी रविवार की रात चोर घर का ताला तोड़कर नगदी सहित जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़िता ने बताया कि बेटी की शादी के लिए घर में रखे 35 हजार रुपए नकद, ढाई सौ ग्राम चांदी की एक जोड़ी पायल, छोटा मंगलसूत्र आदि चोरी कर ले गए हैं। घर का ताला टूटने की सूचना मिलने पर वृद्धा परिजनों के साथ अस्पताल से बीच में इलाज छोड़कर घर आई। तो देखा बक्सा का सामान फैला पड़ा है और जेवरात व नकदी गायब हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। वृद्धा ने बताया कि पिछले वर्ष माह अगस्त में भी गल्ला चोरी चला गया था। तब उसने पुलिस को तहरीर दी थी।पुलिस ने पड़ोसी युवक को पकड़ा था। तब पुलिस ने उसके परिजनों से छह हजार रूपए दिलवाकर समझौता करवा दिया था। पीडिता ने पुलिस ने चोरी के खुलासे की मांग की है।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होगी 'पंजाब 95'

**मुंबई।** पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'पंजाब 95' अब भारत में नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होगी। यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन संघर्ष पर आधारित है। सेंसर बोर्ड के कारण अब तक फिल्म भारत में रिलीज नहीं हो पाई है। पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ अपने दिल-लुमिनाती टूर 2024 के बाद अब बड़े पर्दे पर फिल्म 'पंजाब 95' से वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन संघर्ष पर आधारित है, जो 1995 में रहस्यमय तरीके से गायब हो गए थे।



लाइफ Style

## यामी
## गुजराती लड़के से पक्का होगा रिश्ता

यामी गौतम की शादी का विज्ञापन निकला है। अपने सुशील और घरेलू होने की काबिलियत बताते हुए उन्होंने शादी के लिए कई शर्तें रखी हैं। इससे पहले कि मन में कुछ खिचड़ी पकाएं, स्पष्ट कर दें कि यह सब अभिनेत्री की आगामी फिल्म के बारे में हैं, जिसकी झलक आज साझा की गई है। इसमें यामी के साथ प्रतीक गांधी नजर आएंगे।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म का पोस्टर काफी मजेदार है। यामी गौतम की आगामी फिल्म का नाम 'धूम धाम' है। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। आज नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पेज से फिल्म की झलक शेयर की गई है। पोस्टर अखबारों में पारंपरिक अंदाज में आने वाले शादी के विज्ञापन की तर्ज पर है। एक लड़की कोयल चड्ढा (यामी गौतम) को लड़के की तलाश है। वहीं, एक गुजराती लड़के डॉ वीर (प्रतीक गांधी) को दुल्हन की तलाश है। दोनों ने अपनी-अपनी मांगों का बाकायदा विज्ञापन में जिक्र किया है। नेटफ्लिक्स ने यह पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन लिखा है, 'हमें रिश्ते के लिए डीएम न करें, क्योंकि हमारी शादी 'धूम धाम' से होने वाली है। पोस्टर में यामी गौतम की तस्वीर है, जिसमें वे पारंपरिक लुक में सिर पर चुनरिया ओढ़े नजर आ रही हैं। इसमें लिखा है, 'वर की तलाश! कोयल चड्ढा (मुंबई)। शादी की उम्र। संस्कारी, आध्यात्मिक और घरेलू युवती। एक सुशाली घर के वर की तलाश है। अगर मेरा डॉगी आपको पसंद करता है तो रिश्ता पक्का समझो'। दूसरा विज्ञापन प्रतीक गांधी की तस्वीर के साथ है। इसके साथ लिखा है, 'डॉ वीर, 29 वर्षीय गुजराती लड़का।

हॉलीवुड मसाला




## सुपरमैन फेम हेनरी बने पिता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अभिनेता हेनरी कैविल और उनकी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो हाल ही में अपने पहले बच्चे के माता-पिता बने हैं। इस खुशखबरी का उन्होंने आधिकारिक तौर पर ऐलान अभी नहीं किया है, लेकिन दोनों को शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में एक बेबी कैरिज के साथ चलते हुए देखा गया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद हर तरफ उनके माता-पिता बनने के कयास लगने शुरू हो गए हैं। अप्रैल 2024 में कैविल ने यह पुष्टि की थी कि वह और नताली अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं।



## क्रिस मार्टिन ने कॉन्सर्ट के दौरान पढ़ा 'जय श्रीराम'

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने मुंबई में म्यूजिक ऑफ स्फीयर्स कॉन्सर्ट के दौरान भारतीय फैंस को तब हैरान कर दिया, जब उन्होंने 'जय श्री राम' बोला। कॉन्सर्ट के दौरान हिंदी में अभिवादन से लोगों का दिल जीतने के बाद उन्होंने 'जय श्री राम' का नारा लगाया। दरअसल, सिंगर और कोल्डप्ले के फ्रंटमैन कॉन्सर्ट के दौरान प्रशंसकों द्वारा उठाए गए प्लेकार्ड पढ़ रहे थे। एक प्लेकार्ड पर 'जय श्री राम' लिखा था। मार्टिन ने इसे पढ़ा, जिसके बाद दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। उन्होंने यह भी पूछा कि इसका क्या मतलब है। इतना ही नहीं, उन्होंने अन्य प्लेकार्ड भी पढ़े और उस पर प्रतिक्रिया दी। साथ ही उन्होंने हिंदी में सभी का अभिवादन भी किया। शो के दौरान बैंड ने अपने मशहूर ट्रैक बजाए, जिसमें पैराडाइज, विवा ला विदा, एडवेंचर ऑफ ए लाइफटाइम और येलो शामिल थे।



## मायानगरी में खरीदा एक और आशियाना


**मुंबई।** अभिनय की दुनिया में किस्मत आजमाने मुंबई पहुंचने वाले हर सितारे का सपना उस शहर में घर खरीदने का होता है। मायानगरी कहे जाने वाले इस सपनों के शहर में घर खरीदना मामूली बात नहीं। वहीं, अभिनेत्री, मॉडल और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी नेहा मलिक ने इसी शहर में एक और आशियाना लिया है। जिक्र कर दें कि यह उनका पहला नहीं, बल्कि तीसरा घर है। दो घर वे पहले ही खरीद चुकी हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया की चर्चित हस्ती हैं। अक्सर अपनी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर चर्चा बटोरती हैं। उन्होंने अपने हालिया इंस्टा पोस्ट के जरिए बताया है कि मुंबई में उन्होंने नया घर लिया है। इसकी झलकियां भी उन्होंने शेयर की हैं। साथ ही यूट्यूब पर वीडियो शेयर कर फैंस को होम टूर कराया है।



## किरदार के लिए जुनैद ने की खास तैयारी

**नई दिल्ली।** जुनैद खान और खुशी कपूर नई जोड़ी के रूप में पर्दे पर नजर आने वाले हैं। 'लवयापा' का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। इससे पहले वह सीक्रेट सुपरस्टार और लाल सिंह चड्ढा जैसी फिल्म बना चुके हैं। फिल्म में उन्होंने एक स्थानीय दिल्ली के लड़के का किरदार निभाना था। इसके लिए उन्होंने दिल्ली की गलियों में समय बिताया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनके हाव-भाव और बोलचाल की भाषा को आत्मसात किया। जुनैद ने न केवल दिल्ली की बोली को समझा, बल्कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर उनके रहने के तरीके को भी महसूस किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चांदनी चौक की भीड़-भाड़ से लेकर लोधी गार्डन की शांति तक, जुनैद ने दिल्ली के विभिन्न पहलुओं को अनुभव किया, जिससे उन्हें अपने किरादर को निभाने में मदद मिली।

टीवी मसाला



## इन जोड़ियों के बीच पहले प्यार, फिर हुई तकरार...

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री चाहत पांडे हाल ही में, बिग बॉस के घर से एविक्ट हो गई हैं। हालांकि, वह लोगों की पसंदीदा कंटेस्टेंट में से एक रही हैं और टॉप 5 की दावेदार भी थीं। शो में चाहत पांडे और रजत दलाल का कुछ दिनों तक लव एंगल भी निकला। हालांकि, बाद में फैमिली वीक में चाहत की मां ने आकर रजत को लताड़ लगाई। रजत का भी कहना था कि वह बाहर किसी और को डेट कर रहे हैं। अब आलम यह था कि दोनों ही एक-दूसरे का चेहरा देखना पसंद नहीं करते हैं। अभिनेत्री पायल रोहतगी बिग बॉस 2 का हिस्सा रही थीं। इस शो में पायल ने राहुल महाजन को डेट किया था। दोनों को शो में साथ में रोमांस करते हुए भी देखा गया था। हालांकि, बाद में राहुल ने मोनिका बेदी से रोमांस करना शुरू कर दिया, जिसके बाद पायल और राहुल में विवाद हुए और यह विवाद आज तक कायम भी हैं। बिग बॉस 13 में हिमांशी खुराना और आसिम रियाज की जोड़ी काफी पॉपुलर हुई थी। शो के बाद भी लंबे समय तक दोनों साथ ही थे और एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। यह रिश्ता चार साल तक चला भी था, लेकिन साल 2023 में दोनों की राहें अलग हो गईं और दोनों ने अपना ब्रेकअप अनाउंस किया था। बिग बॉस 8 की सबसे चर्चित जोड़ी करिश्मा तन्ना और उपेन पटेल की थी। करिश्मा इस कदर उपेन के प्यार में दीवानी थीं कि वह खुद सलमान खान से भी लड़ गई थीं। हालांकि, शो खत्म होने के बाद इस जोड़ी ने भी अपने रास्ते अलग कर लिए थे।

### श्रद्धा मिश्रा बनीं 'सारेगामापा' की विनर

**नई दिल्ली।** आगरा की बेटी श्रद्धा मिश्रा ने जी टीवी का रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा 2024' जीतकर अपने परिवार और शहर का नाम रोशन कर दिया है। काफी रोमांचक मुकाबले के बाद बाकी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए श्रद्धा मिश्रा ने 'सा रे गा मा पा' के इस सीजन की विनिंग ट्रॉफी और 10 लाख रुपए प्राइज मनी जीत ली।



श्रद्धा का जी टीवी के रियलिटी शो में सफर काफी शानदार रहा। उन्होंने जजों को अपनी गायकी से इंप्रेस किया और उनका सचिन-जिगर के साथ रिकॉर्ड किया पहला ही गाना वायरल हो गया। इन सब बातों के बाद उनका शो जीतना लगभग तय माना जा रहा था। सीजन जीतने के बाद श्रद्धा मिश्रा ने बताया कि हर परफॉर्मेंस के बाद मुझे जज यह बताया करते थे कि मैं विनर बन सकती हूं, लेकिन क्योंकि मुकाबला काफी कांटे का था, इसलिए कभी मैंने ऐसा सोचा नहीं था कि मैं जीत जाऊंगी। श्रद्धा मिश्रा ने बताया, 'मैं बता नहीं सकती कि अभी क्या महसूस कर रही हूं। बहुत बहुत खुश हूं और सा रे गा मा पा 2024 की जीत को हजम कर पाना आसान नहीं है।

## बॉलीवुड स्टार्स के बॉडीगार्ड भी लेते हैं तगड़ी फीस, सुनकर उड़ जाएंगे होश...

***मुंबई।** सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद पूरा बॉलीवुड हिल गया है। हर एक बड़ा बॉलीवुड स्टार अपनी सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड नियुक्त करता है, ताकि वह सुरक्षित रह सकें। आइए आपको बताते हैं इन बॉलीवुड स्टार्स की सुरक्षा के लिए यह अपने बॉडीगार्ड को कितनी मोटी फीस देते हैं।*

**सैफ अली खान :** सैफ अली खान और करीना कपूर खान के पास बड़ा स्टाफ है। इसमे पीएस, पीआरओ, ड्राइवर, माली, बॉडीगार्ड शामिल हैं। इसमे दोनों ( सैफ और करीना ) का मिलाकर 13 लोग है। घर का स्टाफ 4 लोगों का है। सैफ और करीना के पास कुल 6 ड्राइवर हैं। अलग-अलग बॉडीगार्ड मिलाकर ये संख्या 10 है। इनमें से सैफ और करीना के पास हमेशा 13 लोगों का स्टाफ दिन हो या रात में मौजूद रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन सभी में खासतौर पर सैफ के बॉडीगार्ड की सैलरी करोड़ों में है।

**सलमान खान :** शेरा, जो 1995 से सलमान खान के बॉडीगार्ड हैं, कथित तौर पर सालाना 2 करोड़ रुपए कमाते हैं। शेरा



अपनी बॉडी बिल्डिंग के लिए पहचाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शेरा ने कहा कि वे अपनी खुद की सुरक्षा फर्म, टाइगर सिक्योरिटी भी चलाते हैं। 2017 में, उन्होंने मुंबई में अपने कॉन्सर्ट के दौरान जस्टिन बीबर की सुरक्षा संभाली थी।


**शाहरुख खान :** रवि सिंह कथित तौर पर एक दशक से अधिक समय से शाहरुख खान के बॉडीगार्ड हैं और अभिनेता की सुरक्षा करते हैं। उन्हें अक्सर अभिनेता के बच्चों आर्यन खान और सुहाना खान की सुरक्षा करते हुए भी देखा गया है। रवि सिंह कथित तौर पर 2.7 करोड़ रुपए का वार्षिक वेतन कमाते हैं।

**आलिया भट्ट :** सुनील तालेकर बचपन से ही आलिया भट्ट के बॉडीगार्ड रहे हैं और कथित तौर पर उनकी बेटी राहा की भी देखभाल वही करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह अपनी सेवाओं के लिए सालाना 50 लाख रुपए कमाते हैं।

**अक्षय कुमार :** अक्षय कुमार के बॉडीगार्ड श्रेयसे थेले कथित तौर पर हर साल 1.2 करोड़ रुपए लेते हैं, जिससे वह इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा वेतन पाने बॉडीगार्ड की लिस्ट में शुमार हैं।

**आमिर खान :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व बॉडी बिल्डर युवराज घोरपड़े आमिर खान के निजी अंगरक्षक हैं और कथित तौर पर सालाना लगभग 2 करोड़ रुपए कमाते हैं।

## ऋतिक को रियाद में मिला जॉय अवार्ड



***मुंबई।** ऋतिक रोशन ने दशकों के अपने करियर में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। अपने अभिनय, शानदार लुक और बेहतरीन डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर इस अभिनेता ने बॉलीवुड में 25 साल पूरे करके एक नई उपलब्धि हासिल की है। सिनेमा में उनके योगदान के लिए हाल ही में रियाद में जॉय अवॉर्ड्स में उन्हें सम्मानित किया गया। अवॉर्ड स्वीकार करते हुए ऋतिक ने कहा, 'धन्यवाद। धन्यवाद, रियाद। धन्यवाद, जॉय अवाड्र्स। मुझे यहां इंवाइट करने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को मेरा धन्यवाद। महामहिम, आप एक दूरदर्शी व्यक्ति हैं और हम सभी के लिए इस शानदार शाम को बनाने के लिए आपका धन्यवाद। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं प्रोत्साहित हूं। मेरा मतलब है, देखिए मैं किसके साथ हूं।' आगे ऋतिक ने कहा, 'यहां महान दिग्गजों के बीच मुझे यह अवॉर्ड मिला है। 25 साल हो गए हैं। यह एक लंबा समय लगता है, लेकिन मुझे यह समझने में 25 साल लग गए कि अभिनय वास्तव में क्या है।*

### मास्टर विनायक ने 1930 और 1940 के दशकों में सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी

## 87 साल पहले बोल्ड सीन फिल्माकर मचा दिया तहलका

*नई दिल्ली। 19 जनवरी 1906 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जन्मे मास्टर विनायक (विनायक दामोदर कर्नाटकी) भारतीय सिनेमा के ऐसे अभिनेता और निर्देशक थे, जिन्होंने 1930 और 1940 के दशकों में सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनकी मित्रता महान गायक दीनानाथ मंगेशकर से गहरी थी।*

### बोल्ड सीन की खूब हुई चर्चा



मास्टर विनायक की फिल्म ब्रह्मचारी (1938) भारतीय सिनेमा की एक महत्वपूर्ण फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म में मुख्य नायिका मीनाक्षी शिरोडकर को स्विमिंग सूट में दिखाया गया था, जो उस दौर के हिसाब से काफी विवादास्पद बात थी। फिल्म के इस दृश्य को लेकर दर्शक और समाज में काफी चर्चा और आलोचना हुई थी। इस फिल्म ने सिनेमा की सीमाओं को चुनौती दी और दर्शकों के सोचने का तरीका बदल दिया।

### लता मंगेशकर को फिल्म में दिया पहला मौका

लता मंगेशकर को सिनेमा में पहला मौका देने वाले मास्टर विनायक ही थे। मराठी फिल्म पहिली मंगलागौर (1942) में उन्होंने लता को बड़ा ब्रेक दिया। इस फिल्म में लता ने गाना गाने के साथ अभिनय भी किया था, जो उनके करियर की शुरुआत थी। इसके अलावा 1945 की फिल्म बड़ी मां के लिए भी लता मंगेशकर ने गाना गाया था। यह फिल्म भी मास्टर विनायक के निर्देशन में बनी थी।

### चाइल्ट आर्टिस्ट के रूप में नंदा ने की थी शुरुआत



मास्टर विनायक की बहुत छोटी सी फिल्मी यात्रा रही, लेकिन उन्होंने अपनी कला और मेहनत से भारतीय सिनेमा में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने में कामयाब रहे। जब उन्होंने बहुत कम उम्र में इस दुनिया से अलविदा कहा, तब उनकी बेटी नंदा को चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में काम करना पड़ा। बाद में, नंदा ने अभिनय की दुनिया में अपना नाम स्थापित किया और बॉलीवुड में एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के रूप में जानी गईं। फिल्म मंदिर (1948) में नंदा ने लता मंगेशकर के छोटे भाई का किरदार निभाया था।

### बेटी नंदा को देते थे लड़के का किरदार

मास्टर विनायक का नाटकों के प्रति गहरा प्रेम था। वह अपने नाटकों में बड़े जुनून के साथ काम करते थे और अक्सर अपनी बेटी नंदा से कहा करते थे, 'तुम्हें आकर बड़ा नाम करना होगा।' नंदा को वह नाटकों में लड़के का किरदार दिया करते थे, जिस पर नंदा हैरान होकर कहतीं, 'आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? मुझे अभिनय नहीं करना है।' लेकिन, मास्टर विनायक का विश्वास उनके भीतर था कि वह एक दिन अभिनय की दुनिया में बड़ा नाम हासिल करेंगी।